



# तरुण छत्तीसगढ़


e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

वर्ष 36 अंक 66 | कोरबा, शनिवार, दिनांक 07 दिसम्बर 2024 डाक 08 दिसम्बर 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा


**विविधा**

कांग्रेस नेता दीपेंद्र हुड्डा और पार्टी के अन्य नेताओं ने नई दिल्ली में संसद भवन में शीतकालीन सत्र के दौरान किसानों को एमएसपी की कानूनी गारंटी देने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया




**देश-विदेश**

मलयालम एक्टर सिद्दीकी को दुष्कर्म मामले में मिली बेल कोर्ट ने इन शर्तों पर दी जमानत



**फीचर पेज**

सेब नहीं, अमरूद को सर्दियों में रोजाना खाएं, इन बीमारियों से रहेंगे दूर



# क्रिकेट के सट्टे और दुबई से जुड़े इंदौर और धार में आयकर विभाग की रेड के तार



इंदौर, 07 दिसम्बर [एजेंसी]।

इंदौर और धार जिलों के अलग-अलग शहरों में जारी आयकर के छापे और जांच की कार्रवाई 36 घंटे बाद भी जारी रही। गुरुवार सुबह आयकर विभाग की इंवेस्टिगेशन विंग ने इंदौर के कपास कारोबारी, मनावर के रियल एस्टेट, क्रिकेट सट्टे के बुकी और राजगढ़ में ज्वैलर्स के ठिकानों पर जांच शुरू की थी। राजगढ़ के एक ज्वैलर्स के यहां छापेमारी खत्म कर दी गई। शेष ठिकानों पर आयकर की टीमें इसके बाद भी जांच में जुटी थीं। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आयकर विभाग को अलग-अलग जगह से करोड़ों रुपये का हिसाब कच्ची पर्चियों और डायरियों पर मिला है।

आयकर विभाग फिलहाल इस बारे में कुछ बोलने से कतरा रहा है। छापे के केंद्र में मनावर के कारोबारी मनावर के गोलू सावन पहाड़िया को रखा गया है। आयकर के सूत्रों के अनुसार पेट्रोल पंप संचालक पहाड़िया के घर से अघोषित संपत्ति के दस्तावेज और हिसाब बरामद किए गए हैं।सबूत मिलने के बाद आयकर की कुछ टीमें इंदौर में रतलाम कोठी और अन्य क्षेत्रों में भी सर्च के लिए पहुंचीं। डायरियों में पहाड़िया के घर से कई लोगों के नाम से दर्ज एंट्रियां भी बरामद हुई हैं। इसमें बड़े पैमाने पर लेनदेन का हिसाब मिला है। इस बीच करीब सवा दो करोड़ रुपये से ज्यादा नकदी अलग-अलग ठिकानों से बरामद हुई है, लेकिन आयकर ने अब तक नकदी की जब्ती को लेकर कोई घोषणा नहीं की है।रेड लाइट सिग्नल जंप कर निकाली बाइक और आ गया बस के नीचे, बच गई जानरेड लाइट सिग्नल जंप कर निकाली बाइक और आ गया बस के नीचे, बच गई जानआयकर की इस कार्रवाई के लिए इनपुट और निर्देश सीधे इकोनामिक इंटेलीजेंस यूनिट और दिल्ली व गुजरात से मिले थे। इसके बाद प्रदेश के अलग-अलग शहरों के आयकर अधिकारियों की मिश्रित टीमें बनाकर भोपाल से इंवेस्टिगेशन विंग ने छापों के लिए रवाना की।

अधिकारियों ने छापों के पहले रात को देवास के नंदनकानन रिसोर्ट में डेरा डाला और वहां से अलग-अलग हिस्सों में टीमों को अलग-अलग ठिकानों पर पहुंचने के निर्देश दिए गए। जांच में लगे अधिकारियों के फोन भी सर्विलांस पर होने की जानकारी मिली है। बताया जा रहा है कि मनावर के कारोबारियों के दुबई के कुछ लोगों से लेन-देन के सबूत मिले हैं। इसमें हवाला और क्रिप्टो करेंसी भी शामिल हैं। पहाड़िया की बीते महीनों में हुई बार-बार की दुबई यात्रा की कड़ियां भी आयकर विभाग तलाशने में लगा है।

# गृह विभाग पर महायुति में अब भी फंसा पेच, शिवसेना नेता ने किया बड़ा दावा



मुंबई, 07 दिसम्बर [एजेंसी]।

महाराष्ट्र में नई सरकार का गठन हो गया है। देवेंद्र फडणवीस ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली है। सीएम पद पर एकमत होने के बाद गृह विभाग को लेकर अब भी महायुति में जंग जारी है। शिवसेवा कई बार साफ तौर पर कह चुकी है कि उसे गृह विभाग चाहिए, लेकिन भाजपा उसे अपने पास ही रखना चाहती है। इस बीच अब शिवसेना नेता ने इसको लेकर बड़ा दावा किया है। दरअसल, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने एक बार फिर दोहराया कि पार्टी महत्वपूर्ण गृह विभाग पर अब भी अड़ी है और उसने भाजपा से इसकी मांग की है। शिवसेना विधायक भरत गोगावले ने कहा कि तीनों महायुति सहयोगी विभागों के आवंटन के बारे में बातचीत कर रहे हैं। गोगावले के हवाले से बताया कि जब फडणवीस उपमुख्यमंत्री थे (शिंदे सरकार में) तो उनके पास गृह विभाग भी था। अब शिंदे ने उसी व्यवस्था की मांग की है और इस पर बातचीत जारी है। रायगढ़ के विधायक ने कहा, यह मांग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से की गई थी। हमें उम्मीद है कि अगले दो दिनों में विभागों पर बातचीत पूरी हो जाएगी। रिपोर्ट के अनुसार, शिंदे डिप्टी सीएम बनने को तैयार नहीं थे, लेकिन शिवसेना नेताओं ने उन्हें इस पद के लिए मना लिया।

हालांकि, वह गृह विभाग को लेकर अड़े हुए हैं, जिसके लिए राज्य पुलिस रिपोर्ट करती है। भारतीय जनता पार्टी, शिवसेना और अजित पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) वाले महायुति ने पिछले महीने हुए विधानसभा चुनावों में जोरदार जीत दर्ज की थी। भाजपा के देवेंद्र फडणवीस ने नतीजों के 12 दिन बाद गुरुवार को उप-मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और पवार के साथ मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली।

## एकनाथ शिंदे गठबंधन के बारे में जो फैसला लेंगे हम उसका समर्थन करेंगे: उदय सामंत



**मुंबई।** महाराष्ट्र की नई सरकार का तीन दिवसीय विशेष सत्र शनिवार से शुरू हो रहा है। यह सत्र सोमवार तक चलेगा, इसमें विधानसभा चुनाव में निर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाई जाएगी। इस बीच शिवसेना के वरिष्ठ नेता और विधायक उदय सामंत ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि नव निर्वाचित विधायकों का आज विधान भवन में शपथ समारोह है। तीन दिन का यह अधिवेशन है। इसमें विधानसभा अध्यक्ष का भी चुनाव होने की उम्मीद है। इस अधिवेशन में चुनकर आए 288 विधायकों का शपथ समारोह है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि एकनाथ शिंदे गृहमंत्री पद के लिए अड़े हुए है, यह किसने बोला है। ऐसी कुछ भी बात नहीं है। तीनों नेता बैठकर मंत्रिमंडल का विस्तार कब होगा यह तय करेंगे।

जल्द से जल्द तय करेंगे और जल्द से जल्द मंत्रिमंडल का विस्तार होगा। इसके अलावा उदय सामंत एक और सवाल के जवाब में कहा कि महाराष्ट्र मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने महायुति गठबंधन के बारे में अगर कुछ बात कही हो तो उसके ऊपर मेरी तरह से बात करना उचित नहीं है। क्योंकि हमारा निर्णय जो है वह शिवसेना पार्टी का है। शिवसेना पार्टी के नेता एकनाथ शिंदे हैं। उनके नेतृत्व में हम काम करते हैं।

## बेटे के सामने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की हत्या, नक्सलियों से दो बार मिली थी धमकी

*बीजापुर। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की हत्या कर दी गई। अभी हमलावरों का पता नहीं चला है, लेकिन माना जा रहा है कि यह नक्सलियों की हरकत है। महिला की पहचान जिले के तिम्मापुर गांव की आंगनबाड़ी*



*कार्यकर्ता लक्ष्मी पद्म के रूप में हुई। अब तक की पुलिस की पड़ताल के मुताबिक, महिला अपने घर पर बेटे के साथ थी। तभी अज्ञात लोग घर में घुसे और धारदार हथियारों से हमला कर दिया। लक्ष्मी को पहले भी धमकी मिली थी।*

## गोलियों की तड़तड़ाहट से सहमी दिल्ली: बदमाशों ने कारोबारी की हत्या की, सात-आठ राउंड फायरिंग, आप ने बीजेपी को घेरा



नईदिल्ली, 07 दिसम्बर [एजेंसी]।

दिल्ली के थाना फर्श बाजार इलाके में शनिवार सुबह बदमाशों ने कारोबारी की गोली मारकर हत्या कर दी। मामले की सूचना पर तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक की पहचान सुनील जैन (52) के रूप में हुई है। बताया गया है कि मोटरसाइकिल पर आए दो बदमाशों ने उन्हें गोली मारी है। डीसीपी शाहदरा, प्रशांत गौतम के मुताबिक, क्राइम टीम को मौके पर बुलाया गया है। आगे की जांच जारी है। वारदात के बाद दिल्ली सरकार ने कानून व्यवस्था के मुद्दे पर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है।

बदमाशों ने सुनील जैन पर उस वक्त फायरिंग की जब वह फर्श बाजार के यमुना स्पोर्ट कॉम्प्लेक्स में शनिवार सुबह सैर के बाद घर लौट रहे थे। मृत कारोबारी कृष्णा नगर में रहते थे। पुलिस अधिकारी ने बताया कि शनिवार सुबह पुलिस को यमुना स्पोर्ट कॉम्प्लेक्स के पास एक शख्स को गोली मारने की जानकारी मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल सुनील जैन को पास के अस्पताल में लेकर गई, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## इंदौर में पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन के बेटे के शोरूम में तोड़फोड़, पोते से हाथापाई

इंदौर, 07 दिसम्बर [एजेंसी]।



पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन ताई के बेटे मिलिंद महाजन के नेमावर रोड स्थित शोरूम पर कल देर शाम जमकर तोड़फोड़ हुई। तोड़फोड़ करने वाला भाजपा नेता प्रताप करोसिया के परिवार से है। पुलिस ने शोरूम मैनेजर की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर ली है। हंगामा नेमावर रोड स्थित मिड्रवेस आटोमोबाइल पर हुआ। यहां वाहनों का सर्विस सेंटर भी है। मैनेजर भूषण दीक्षित ने बताया कि घटना कल शाम सात से सवा सात बजे के बीच की है।

आरोपित सौरभ करोसिया अपने साथियों के साथ सर्विस सेंटर-शोरूम आया और अपनी गाड़ी स्वराज माजदा बगैर पैसे दिए और बगैर गेट पास के बाहर ले जाने लगा। हमने उसे ऐसा करने से रोका तो उसने कहा कि किसके बाप में हिम्मत है, जो मेरी गाड़ी रोक सकता है। सुरक्षाकर्मियों ने उसे रोका तो वह और उसके साथी गाली-गलौज करने लगे। सौरभ ने शोरूम में पत्थर मारकर कांच फोड़े व हंगामा करने लगा।

## केंद्रीय मंत्री संजय सेठ को धमकी, बदमाशों ने मैसेज कर 50 लाख रुपये की फिरौती मांगी



नईदिल्ली, 07 दिसम्बर [एजेंसी]।

केंद्रीय मंत्री संजय सेठ को धमकी भरा संदेश भेजा गया है। बदमाशों ने मैसेज कर उनसे 50 लाख रुपये की फिरौती मांगी है। मामले में केंद्रीय मंत्री सेठ ने कहा कि मैंने पुलिस को इसकी जानकारी दे दी है। मैं लगातार लोगों से बातचीत कर रहा हूं। पीएम मोदी हमेशा हमें जनता की सेवा के लिए अथक काम करने के लिए प्रेरित करते हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मुझे कल जबरन वसूली के बारे में संदेश मिला और मैंने झारखंड के डीजीपी को इस बारे में सूचित कर दिया है।

## बांग्लादेशियों की नहीं करेंगे मेजबानी, हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर बराक घाटी के होटलों का फैसला

बराक, 07 दिसम्बर [एजेंसी]।




घाटी बांग्लादेश में हिंदुओं की हालत लगातार खराब होती जा रही है। यहां मोहम्मद युनूस की सरकार के बनने के बाद कट्टरपंथी संगठनों के हौसले और भी ज्यादा बुलंद हो गए हैं। अब ये संगठन हिंदुओं को पूजा-अर्चना करने से भी रोक रहे हैं। लगातार हिंदू मंदिरों पर हमले किए जा रहे हैं। बीते कुछ दिन पहले बांग्लादेश में भारत के ध्वज का भी अपमान किया गया था। जिसके बाद भारत के अलग-अलग राज्यों में बांग्लादेश के विरोध में प्रदर्शन किए जा रहे हैं। अब असम की बराक घाटी के होटलों ने कड़ा फैसला लिया है। उनका कहना है कि जबतक पड़ोसी देश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों पर हमले बंद नहीं हो जाते, तब तक वे किसी भी बांग्लादेशी नागरिक की मेजबानी नहीं करेंगे। अल्पसंख्यक हिंदुओं पर अत्याचार करना बांग्लादेशियों को भारी पड़ने वाला है। नवरात्रि के समय पंडालों पर भारी भरकम टैक्स लगाना और अब इस्कॉन मंदिर के मुखिया के साथ हुए अत्याचार की चिंगारी भारत में भी सुलगने लगी है। इससे पहले, पूर्वोत्तर राज्य त्रिपुरा ने बड़ा एलान किया थ। राज्य के होटल-रेस्टोरेंट संघ ने कहा था कि बांग्लादेशी नागरिकों को राज्य के होटलों में रुकने की अनुमति नहीं दी जाएगी। साथ ही साथ कोई रेस्तरां उन्हें भोजन भी नहीं देगा।

## 5 लोगों की मौत: झील में जा गिरी बेकाबू कार



**नई दिल्ली।** हैदराबाद के भूदान पोचमपल्ली मंडल के जलालपुर के पास एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। यहां एक कार ने नियंत्रण खो दिया और झील में जा गिरी। इस दुखद घटना में पांच लोग अपनी जान गंवा बैठे, जबकि एक शख्स इस हादसे में बच गया। मृतकों की पहचान 53 वर्षीय वंसी, 21 वर्षीय दिनेश, 21 वर्षीय हर्षा, 19 वर्षीय बालू और 21 वर्षीय विनय के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि सभी हैदराबाद के एलबी नगर के रहने वाले थे। एकमात्र जीवित बचे शख्स 21 वर्षीय मणिकांत ने किसी तरह से इस हादसे से खुद को बचा लिया। पुलिस ने झील से शवों को बरामद कर लिया है और पोस्टमार्टम की प्रक्रिया जारी है। पोस्टमार्टम पूरा होने के बाद शवों को उनके परिवारों को सौंप दिया जाएगा। हादसे के कारणों की जांच पुलिस द्वारा अभी भी जारी है। शुरुआती जांच में पाया गया कि कार की तेज गति के कारण ड्राइवर ने नियंत्रण खो दिया, जिससे यह दुःखद हादसा हुआ।





स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
-: परामर्श का समय :- सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.(U.K) Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा



# एक साल में कोरबा का विकास का पहिया तेज रफ़्तार से दौड़ पड़ा 300 करोड़ के कार्यों को किया गया प्रारंभ : उद्योग मंत्री

## प्रेस क्लब के अतिरिक्त निर्माण कार्य 25 लाख के भूमि पूजन, और ऑडिटोरियम के विकास के लिए 20 लाख की घोषणा पर प्रेस क्लब ने मंत्री का जताया आभार







कोरबा। नगर विधायक और वाणिज्य उद्योग को श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन आज प्रेस क्लब के तिलक भवन में आयोजित एक साल व राज्य सरकार का अमृत काल कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने आम जनमानस का आभार जताते हुए कहा कि एक साल पूर्व यहां की जनता ने विकास, सुशासन और समृद्धि के लिए ऐतिहासिक निर्णय लेकर प्रचंड जनादेश दिया था। विगत एक वर्ष में आप सभी के विश्वास पर खरा उतरते हुए कोरबा समेत प्रदेश की प्रगति में अनेक नए आयाम स्थापित किये। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के सभी प्रमुख वादे प्रमुखता से पूरे किए गए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में मोदी की गारंटी को पूरा करने के साथ ही प्रदेश में विकास के कार्य तेजी से कराए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने शपथ लेने के पश्चात् ही प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति प्रदान की। लगभग 05 लाख 50 हजार से अधिक आवासों के लिए प्रथम किश्त जारी की जा चुकी है। उन्होंने दो साल का बकाया धान के बोनस का भुगतान किसानों के खाते में करने के साथ ही 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदने का निर्णय लिया। तेंदूपत्ता संग्राहकों को लाभान्वित करने प्रति मानक बोरा के दर में वृद्धि करते हुए 5500 रूपए किया। प्रदेश के गरीब परिवारों को श्री रामलला दर्शन के लिए मुफ्त में अयोध्या भेजने का निर्णय लिया। माताओं और बहनों को महतारी वंदन योजना प्रारंभ कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने प्रतिमाह उनके खाते में 1000 रू. भी डाले जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ की सरकार सभी को विकास से जोड़ने के साथ ही गरीबों के कल्याण की दिशा में कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि कोरबा विधानसभा समेत पूरे जिले के समुचित विकास (नेशनल हाईवे, बॉयपास सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई, आंगनबाड़ी, पेयजल, सुरक्षा व्यवस्था, सामुदायिक भवन, मंच, पंडाल, तालाब गहरीकरण, सी.सी. रोड़, नाली, सामाजिक भवन, बिजली,) व्यवस्था के लिए कुल 1800 करोड़ से अधिक की राशि इस एक साल में स्वीकृत करायी गयी है। कोरबा विधानसभा में 300 करोड़ के कार्य शुरू करए गए।जिनमें अधोसंरचन, विधायक मद, डीएमएफ, राजस्व आपदा प्रबंधन, नगरीय निकाय, प्रभारी मंत्री मद, सहित अन्य मदो से कार्य स्वीकृत कराकर प्रारंभ कराये जा रहे हैं। कुछ बडे प्रोजेक्ट टेंडर प्रक्रिया में है, बहुत जल्द विकास कार्यों का श्रीगणेश होगा। बिना किसी भेदभाव के वार्डों में कार्य कराये जा रहे हैं। इस दौरान प्रेस क्लब तिलक भवन में अतिरिक्त निर्माण कार्य लागत 25 लाख के कार्यों का मंत्री श्री देवांगन ने भूमि पूजन किया। साथ ही प्रेस क्लब की मांग पर अतिरिक्त विकास के लिए मंत्री श्री देवांगन ने 20 लाख की घोषणा की। प्रेस क्लब के पदाधिकारी और सदस्यों द्वारा मंत्री श्री देवांगन का अभिनंदन और आभार जताया।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री श्री अरूण साव के नेतृत्व और मार्गदर्शन में आज कोरबा जिला विकास के नई उंचाईयों की ओर अग्रसर है। इस एक साल में हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता शहर से लेकर पूरे जिले के सड़को के जीर्णोद्धार और निर्माण पर थी। हमारे प्रयास से केन्द्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री श्री नितिन गड़करी ने इस मार्ग के लिए 1593 करोड़ की राशि स्वीकृत दी है। बहुत जल्द इसका निर्माण प्रारंभ होगा, इसी तरह हाल ही में कटघोरा से अंबिकापुर डबल लेन सड़क का फोरलेन करने की हरी झंडी मिल गई है। हमारा प्रयास रहा है कि कोरबा शहर के बीच से भारी वाहनों का दबाव कम हो, इसके लिए बरमपुर से प्रगतिनगर तक 8 कि.मी. लंबे बॉयपास मार्ग के लिए 83 करोड रू. की स्वीकृति उपरांत टेंडर प्रकिया प्रारंभ कर दी गई है। बहुप्रतिक्षित संजय नगर रेल्वे फाटक पर अंडरब्रिज का निर्माण 70 करोड़ रू. के लागत से होगा। इससे प्रभावित लोगों को 3.11 करोड़ का मुआवजा दिया जा चुका है। आप सभी को याद होगा, 2018 में ढेंगुरनाला बॉयपास सड़क का डीएमएफ फण्ड से निर्माण प्रारंभ किया गया था। अब पुन: 5 वर्ष पश्चात प्रारंभ करा दिया गया है। सर्वमंगला मंदिर पहुंच मार्ग बेहद जर्जर स्थिति में थी। हमने सर्वमंगला मंदिर बॉयपास मार्ग का निर्माण समयवाधि में शुरू कराकर पूर्ण कराया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार जीरो टॉलरेंस पर काम कर रही है। प्रदेश में नए उद्योग स्थापित करने के साथ ही निवेश की प्रक्रिया जारी है। श्रम विभाग के माध्यम से श्रमिकों को योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। हितग्राहियों को सामग्री न देकर सीधे उनके बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से राशि हस्तांतरित की जा रही है। सामग्री आदि की खरीदी जैम पोर्टल के माध्यम से पारदर्शिता के साथ ही किया जा रहा है। हमारा उद्देश्य सभी को विकास से जोड़ते हुए योजनाओं से लाभान्वित करना और गरीबों का कल्याण करना है। इस दौरान प्रेस क्लब के अध्यक्ष श्री राजेंद्र जायसवाल ने मंत्री श्री देवांगन द्वारा जिले में कराए जा रहे विकास कार्यों को रेखांकित करते हुए कहा कि वे सरलता, सहजता से कहीं भी उपलब्ध रहते हैं। उन्होंने प्रेस क्लब परिवार के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

**इन बड़े कार्यों की मिली स्वीकृति -**

टीपी नगर में वर्ल्ड क्लास इंडोर स्टेडियम, लागत 25 करोड़ की स्वीकृति, टीपी नगर न्यू बस स्टैण्ड की मरम्मत व नवीनीकरण कार्य की लागत 98 लाख रू. की स्वीकृति, इंदिरा स्टेडियम के पवेलियन, पाथवे, टायलेट ब्लाक, स्वीमिंग पुल सहित अन्य विकास कार्य 2.5 करोड़ की स्वीकृति, जिला खनिज न्यास के मद से कोरबा विधानसभा अंतर्गत 100 विभिन्न विकास कार्यों के लिए 9.19 करोड़ के कार्य प्रारंभ, 44 सामुदायिक भवनों का निर्माण विस्तार व मरम्मत कार्य के लिए 4.90 करोड़ के कार्य प्रारंभ, 18 सामाजिक भवनों का निर्माण विस्तार व उन्नयन कार्य, लागत 2.96 करोड़ के कार्य प्रारंभ, 44 सांस्कृतिक मंच एवं शेड का निर्माण लागत 3.7 करोड़ के कार्य प्रारंभ, 74 स्थानों पर सी.सी. रोड़ एवं नाली निर्माण, लागत 7.8 करोड़ के कार्य प्रारंभ, 28 आंगनबाड़ी एवं मुक्तिधाम निर्माण व मरम्मत कार्य, लागत 2.8 करोड़ के कार्य प्रारंभ, 27 पेयजल, प्रसाधन व अन्य भवनों का जीर्णोद्धार, लागत 1.89 करोड़ के कार्य प्रारंभ किया गया। स्वास्थ्य, शिक्षा के क्षेत्र में शासकीय स्कूलों के 1.20 लाख बच्चों के स्वास्थ्य एवं नियमित उपस्थिति के लिए पौष्टिक नाश्ते का वितरण, दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में सुचारू रूप से लैब टेस्ट और कन्फर्म रिपोर्ट के लिए लैब आन व्हील्स की शुरूआत की गई। इस योजना के तहत् ग्रामीणों को 53 प्रकार के टेस्ट की घर बैठे सुविधा मिल रही है। जिला खनिज न्यास मद से 22 सीएचसी और 6 पीएचसी के भवन निर्माण कार्य की स्वीकृति मिली। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोरबा समेत 4 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में सोनोग्राफी की सुविधा प्रारंभ की गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में 5 चिकित्सा विशेषज्ञ, 9 विशेषज्ञ शल्य चिकित्सक, स्टाप नर्स, लैब टेक्निशियन, फिडिंग डेमोस्टेटर, रेडियोग्राफर, फार्मसिस्ट और 4 दंत चिकित्सकों की नियुक्ति, जिले की शिक्षा व्यवस्था को बेहतर करने की दृष्टिकोण से शिक्षकों की कमी को दूर करते हुए प्राथमिक, माध्यमिक, हाईस्कूल व हायर सेकेण्डरी स्कूलों में डी.एम.एफ से मानदेय के आधार पर 517 शिक्षक व 269 भृत्य की नियुक्ति की गई है।

## उपार्जन केंद्र में हुई धान की तौल, गोटीलाल को मिला मेहनत का पूरा मोल



कोरबा । लगभग 60 साल की उम्र के किसान गोटीलाल के पास महज एक एकड़ ही खेत है। बारिश के भरोसे उम्मीद की फसल लेने वाला गोटीलाल हर साल धान की फसल लेता आ रहा है। कई बार बारिश की बेरूखी से किसान गोटीलाल को एक एकड़ में उम्मीद के मुताबिक धान की मात्रा नहीं मिली तो कई बार बारिश की मेहरबानी से वह एक एकड़ में पर्याप्त धान ले पाता था। अपनी खेत पर हाड़-तोड़ मेहनत से धान का बंपर उत्पादन करने के बाद किसान गोटीलाल को तब बहुत धक्का लगता था, जब उन्हें मालूम चलता था कि वह एक एकड़ में उत्पादित पूरे धान को नहीं बेच सकता, उन्हें एक एकड़ में निर्धारित मात्रा में ही धान बेचनी होगी। इस तरह की बंदिशों ने किसान गोटीलाल को कई बार रूलाया और वह चाहकर भी अपना पूरा धान उपार्जन केंद्र में नहीं बेच पाता था। उसके पास महज एक एकड़ ही खेत होने का खामियाजा भी उन्हें भुगतना पड़ता था, क्योंकि एक एकड़ से अधिक वाले बड़े किसान ज्यादा धान बेच पाते थे और ज्यादा पैसे जुटा पाते थे। बीते कई सालों से इस तरह की परेशानियों को झेलते आए किसान गोटीलाल की परेशानी बीते साल से दूर हो गई है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा किसानों के हित में लिए गए एक एकड़ में 21 क्विंटल धान खरीदी के निर्णय के पश्चात उन्होंने अपनी मेहनत में कोई कसर नहीं छोड़ी। आखिरकार जब फसल काटने और मिंजाई के बाद धान को बोरे में भरकर इक्टठ्ा किया तो उन्होंने किसी-किसी को यह कहते सुना कि उपार्जन केंद्र में किसानों से एक एकड़ का 21 क्विंटल नहीं खरीदा जा रहा है। उनको लौटा दिया जा रहा है। कुछ दिनों तक तो किसान गोटीलाल भी भ्रम में था कि ऐसे कैसे हो सकता है ऐसा हुआ तो वह क्या करेगा ? कुछ लोगों के अपवाहों से भ्रम में आए किसान गोटीलाल ने सभी अपवाहों को दरकिनार किया और छत्तीसगढ़ सरकार, मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्णय पर भरोसा करते हुए बोरे में भरकर 21 क्विंटल धान उपार्जन केंद्र बेचने ले आया। यहां किसी ने उन्हें रोका-टोका नहीं। अपने मेहनत के फसल को बोरे में भर-भर कर तौल कराई और एक-एक दाने का मोल किसान गोटीलाल को मिला। पाली विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम बतरा के किसान गोटीलाल ने बताया कि उनका एक एकड़ खेत है। इस खेत में उन्होंने धान का फसल लिया था। अच्छे से मेहनत कर धान का उत्पादन किया जिससे 21 क्विंटल धान हुआ। ग्राम पोड़ी के उपार्जन केंद्र में धान बेचने आए किसान गोटीलाल ने बताया कि धान उपार्जन केंद्र में उन्हें धान बेचने में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं आई। उन्होंने बताया कि कुछ लोगों ने भ्रम फैला दिया था कि 21 किव्टंल धान की खरीदी नहीं होगी। हालांकि उन्हें उपार्जन केद्र में इस तरह के किसी भी समस्या का सामना नहीं करना पड़ा। गोटीलाल ने बताया कि धान बेचकर जो पैसे मिलेंगे उससे खाद-बीज के लिए जो कर्ज लिया था उसे चुकाएंगे। उन्होंने बताया कि हम लोग बहुत छोटे किसान है और हमारी कोशिश रहती है कि फसल का अच्छा उत्पादन हो ताकि अधिक से अधिक धान बेच सके। उनका कहना है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने किसानों के लिए बहुत बड़ा निर्णय लिया है। 21 क्विंटल धान की खरीदी कर हम जैसे छोटे किसानों को आर्थिक लाभ पहुंचाया है, वर्ना हम छोटे किसान कुछ क्विंटल धान ही बेच पाते थे, इससे हमारी जरूरतों के लिए पर्याप्त पैसे भी नहीं मिल पाते थे।

### दंत चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ की भर्ती हेतु पात्र/अपात्र सूची जारी

कोरबा । जिला खनिज न्यास मद से दंत चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ की भर्ती हेतु विज्ञापित पद पर प्राप्त आवेदन के आधार पर ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक महिला पद की पात्र/अपात्र की सूची कार्यालयीन सूचना पटल पर चस्पा तथा कोरबा जिले के शासकीय वेबसाईट में दावा आपत्ति हेतु अपलोड कर दिया गया है। सूची के समस्त कॉलमों का उम्मीद्वारों द्वारा सूक्ष्म अवलोकन कर दावा आपत्ति इस कार्यालय में 23 दिसंबर समय 5:00 बजे तक आवश्यक दस्तावेज सहित प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् किसी भी प्रकार का दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किया जाएगा। प्राप्त दावा आपत्ति का नियमानुसार निराकरण कर पृथक से दावा आपत्ति निराकरण सूची एवं पात्र सूची कार्यालयीन सूचना पटल पर चस्पा तथा उक्त वेबसाईट पर अपलोड किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए 8109799954 पर संपर्क कर सकते हैं।

## महतारी वंदन योजना से बिखरी मुस्कान, सास-बहू के पारंपरिक रिश्ते को मिली नई पहचान



कोरबा । महतारी वंदन योजना छत्तीसगढ़ सरकार की एक अभिनव पहल है, जो महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ ही उनका सामाजिक और पारिवारिक स्तर पर सम्मान बढ़ाने का कार्य कर रही है। यह योजना महिलाओं को वित्तीय सहायता प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बना रही है, जिससे वे अपने परिवार की बेहतरी के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लेने में सक्षम होती हैं।

इस योजना का लाभ सिर्फ एक पीढ़ी तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक परिवार के प्रत्येक सदस्य को लाभांवित करती है। इस योजना ने सास-बहू के पारंपरिक रिश्ते को भी एक नई दिशा दी है। जहाँ दोनों पीढ़ियों को एक साथ आर्थिक मदद मिल रही है, वे दोनों एक-दूसरे की आगे बढ़कर मदद करती हैं और परिवार की आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाती हैं। जिससे परिवार में खुशी का संचार हो रहा है। कुछ ऐसी ही कहानी है पाली विकासखण्ड के जेमरा पंचायत के ग्राम बगदरा गांव के श्रीमती इतवारा बाई के परिवार की। ग्रामीण महिला इतवारा बाई और उनकी बहू ममता, महतारी वंदन योजना के तहत मिल रही राशि से अपने परिवार को स्थिरता दे रही हैं। ग्रामीण परिवेश में जीविकोपार्जन के लिए आवश्यक संसाधनों की कमी और अनियमित रोजी-मजदूरी के कारण परिवार की आर्थिक स्थिति खराब थी, जिससे घर का खर्च चलाना भी कठिन हो रहा था।

योजना के तहत मिलने वाली राशि ने इतवारा बाई और ममता को अपने परिवार के स्वास्थ्य का ख्याल रखने के साथ ही दैनिक खर्चों को संभालने में मदद की। राशि के उचित उपयोग से वे अपने परिवार को सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा सहित अन्य लाभ दे रही है। उनकी मेहनत और योजना की मदद से अब परिवार की आर्थिक स्थिति सुधरी है। जिससे परिवार के जीवन स्तर को सुधार हुआ है और वे अब आत्मनिर्भर महसूस करती हैं और उनके परिवार में खुशहाली का माहौल है इस योजना का सबसे बड़ा लाभ यह है कि सास और बहू, दोनों को एक साथ आर्थिक सहायता मिल रही है। इससे दोनों पीढ़ियाँ न केवल एक-दूसरे के साथ मिलकर घर के खर्चों को सही तरीके से सम्हाल रही हैं, साथ ही उनके रिश्ते भी मजबूत हो रहे हैं। परिवार में खुशी का माहौल है, अब दोनों महिलाएँ घर के निर्णयों में बराबरी से हिस्सा ले रही हैं और उनका आत्मविश्वास भी बढ़ा है। इतवारा और ममता का कहना है कि इस योजना ने उनका मनोबल बढ़ाया है और अब वह परिवार के फैसलों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। सरकार की इस कल्याणकारी योजना के लिए सास इतवारा बाई और बहू ममता ने आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया, जिससे उनके परिवार की स्थिति में सुधार आया और वे आर्थिक रूप से सशक्त होने लगी है।

## किसान अपने धान विक्रय के सुखद अनुभव को पंजियों में करें दर्ज: कलेक्टर



कोरबा । कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने आज पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के धान खरीदी केन्द्र मोरगा का निरीक्षण कर केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं का अवलोकन किया। कलेक्टर ने उर्पाजन केन्द्र में पंजीकृत किसानों की संख्या, जारी टोकन, अब तक हुए धान खरीदी, राशि भुगतान एवं केंद्र में उपलब्ध बारदानों के सम्बंध में प्रबंधक से जानकारी ली। उन्होंने केंद्र में धान भंडारण, स्टैकिंग व्यवस्था का भी अवलोकन करते हुए नए-पुराने बारदाना की उपलब्धता, बारदाना की गुणवत्ता, चौकीदार की व्यवस्था, सीसीटीवी की व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने किसानों द्वारा विक्रय हेतु लाए धान की नमी का भी अपने समक्ष जांच करवाई और बोरी में भरे धान का इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन में माप करवाकर वजन का परीक्षण कराया।

कलेक्टर ने केंद्र प्रभारी को उपार्जन केंद्र में शासन के दिशा निर्देश का पूर्णत: पालन करने के निर्देश दिए साथ ही वहां आवश्यक सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने एवं किसानों से गुणवत्तापूर्ण धान खरीदी करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि किसानों को धान बेचने में किसी तरह की परेशानी न हो और केंद्र में अवैध धान की खरीदी बिल्कुल नही होनी चाहिए। इस दौरान कलेक्टर ने किसानों से चर्चा करते हुए उनसे अपने वास्तविक उपज को ही समिति में विक्रय करने की बात कही। साथ ही बिचौलियो कोचियों के अवैध धान का केंद्र में विक्रय रोकने हेतु जिला प्रशासन का सहयोग करने के लिए कहा। उन्होंने किसानों से धान विक्रय के अपने सुखद अनुभव को केंद्र में उपलब्ध पंजियों में दर्ज करने का आग्रह किया। जिससे किसानों की सहूलियत अनुसार केंद्र में धान खरीदी में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित किया जा सके। इस अवसर पर एसडीएम पोड़ी उपरोड़ा श्री तुला राम भारद्वाज सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## दूरस्थ क्षेत्रों में पहुंचकर जिलाधीश ने ग्रामीणों से संवाद कर समस्याओं को जाना, जल्द होगा इनका निराकरण



कोरबा । कलेक्टर अजीत वसंत आज पोड़ी उपरोड़ा विकासखण्ड के दूरस्थ क्षेत्र साखों पंचायत के दुर्गम, पहाड़ी वनांचल एवं वनाच्छादित बसाहटों-मोहल्लों में पहुँचकर ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत हुए। उन्होंने साखों पंचायत के दुर्गम क्षेत्र रनई पहाड़, दलहाकट्टा, जूनापारा, खोरखर्रा जैसे बसाहटों का निरीक्षण कर क्षेत्र में पहुँच मार्ग, पेयजल, बिजली, पुल, स्कूल आंगनबाड़ी जैसे मूलभूत सुविधाओं के विकास हेतु गम्भीरता से प्रयास करने हेतु आश्वस्त किया साथ ही शासन स्तर से निराकृत होने वाली समस्याओं के लिए प्रस्ताव यथाशीघ्र शासन को प्रेषित करने की बात कही। इस अवसर पर एसडीएम पोड़ी-उपरोड़ा श्री तुलाराम भारद्वाज सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर द्वारा दलहाकट्टा में एनजीओ द्वारा संचालित प्राइमरी स्कूल का निरीक्षण कर बच्चों की दर्ज संख्या व सुविधाओं की जानकारी ली। निजी भवन में वैकल्पिक व्यवस्था के तहत एनजीओ द्वारा प्राथमिक शाला संचालित किया जा रहा है, जहां लगभग आस पास के क्षेत्र के 50 बच्चे पढ़ने आते हैं। इन अध्ययनरत बच्चों के लिए स्कूल ड्रेस, पाठ्य पुस्तक के साथ ही मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था शिक्षा विभाग द्वारा किया गया है।

ग्रामीणों द्वारा स्कूल भवन की आवश्यक्ता से अवगत कराया गया। कलेक्टर ने आमजनो को बताया कि ग्रामीणों की मांग पर कुछ दिवस पूर्व ही दलहाकट्टा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु जिला प्रशासन द्वारा 20 लाख डीएमएफ मद से स्वीकृति प्रदान की गई है। उक्त भवन तैयार होने के बाद वहां प्राथमिक शाला का नियमित संचालन होगा। साथ ही बच्चों के आगे की अध्ययन हेतु खिलटी पंचायत में संचालित प्रायमरी स्कूल का मिडिल स्कूल में उन्नयन हेतु राज्य शासन को प्रस्ताव प्रेषित करने की बात कही। उन्होंने जनपद सीईओ को सामुदायिक भवन निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार क्षेत्र में पेयजल की समस्या के समाधान हेतु पीएचई विभाग से यथास्थानो पर हैंडपम्प की व्यवस्था कराने एवं जल जीवन मिशन के तहत हर घर पेयजल की सुविधा, क्रेडा के माध्यम से क्षेत्र में सोलर लाइट की व्यवस्था, विद्युत विभाग द्वारा बसाहटों में विद्युत लाइन पहुचाने, आवश्यक स्थानों पर पुल पुलिया निर्माण हेतु सम्बंधित विभागों द्वारा शीघ्रता से सर्वे कराने की बात कही। साथ ही बसाहटों तक पहुँच मार्ग के लिए डीएमएफ मद से रपटा निर्माण की स्वीकृति दी जाएगी। वनाधिकार पट्टा के पात्र हितग्राहियों का सर्वे कराकर शीघ्र वितरण कराने का निर्देश दिए। साथ ही खाद्य विभाग को इन बसाहटों में निवासरत् लोगों को बस्तियों से ही राशन वितरित करने के निर्देश दिए, जिससे यहां निवासरत् लोगों को नाव के माध्यम से राशन लेने अन्यत्र जाना न पड़े। गौरतलब है कि दलहाकट्टा रनई पहाड़ जुनापारा साखों पंचायत के दूरस्थ पहाड़ी क्षेत्रों में बसे बसाहट है। यहां बांगो डूबान से प्रभावित धनुहार-मंझवार जनजाति के लगभग 100 परिवार अलग अलग पारा मोहल्लों में निवास करते है। कलेक्टर द्वारा इन दुर्गम क्षेत्रो का निरीक्षण कर आवश्यकता को जाना गया है, उनके द्वारा ग्रामीणों की समस्याओं को गम्भीरता से लेते हुए क्षेत्र के विकास हेतु प्रभावी कदम उठाने की बात कही गई है। जो कि इस क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण प्रयास होगा।

### प्रबंधक/अधीक्षक एवं सामाजिक कार्यकर्ता/काउन्सलर भर्ती हेतु दावा आपत्ति 12 दिसंबर तक आमंत्रित

**कोरबा।** समाज कल्याण विभाग अंतर्गत वृद्धाश्रम संचालन करने हेतु प्रबंधक / अधीक्षक एवं सामाजिक कार्यकता/ काउन्सलर पदों पर भर्ती हेतु अभ्यार्थियों के दस्तावेज सत्यापन एवं साक्षात्कार आयोजित किया गया। साक्षात्कार पश्चात् अंतिम चयन सूची जारी जाएगी जिसे कोरबा जिले के वेबसाईट या कार्यालय के सूचना पटल पर देखा जा सकता है। उक्त सूची के संबंध में दावा-आपत्ति संबंधित अभ्यर्थी स्वयं उपस्थित होकर दावा आपत्ति 12 दिसंबर तक कार्यालय उपसंचालक समाज कल्याण कोरबा में कार्यालयीन दिवसों में सायं 5: 00 बजे प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समय उपरांत दावा आपत्ति स्वीकार नहीं की जाएगी।

### मृदा दिवस पर नवोदय विद्यालय कोरबा द्वारा किसानों के खेतों की मिट्टी परीक्षण कर प्रमाण पत्र सौंपे

कोरबा । स्थानीय पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय कोरबा ने मृदा दिवस के अवसर पर एक अनोखी पहल की है। विद्यालय के 151 छात्रों और शिक्षकों ने मिलकर 50 किसानों के खेतों की मिट्टी का परीक्षण किया। विद्यालय के मीडिया प्रभारी शिक्षक संतोष कुमार चौरसिया ने बताया कि कृषि मंत्रालय के निर्देश पर विद्यालय स्तर पर चार शिक्षक सदस्य और 151 बच्चो की समिति गठित किया गया जिन्होंने छुरी कला, बिशुनपुर, सलोरा, धनरास आदि गांव में भ्रमण कर 50 किसानों के खेतो की मिट्टी एकत्रित कर उसे कृषि मंत्रालय से प्राप्त किट और कृषि महाविद्यालय के अनुभवी प्रोफेसर की मदद से मृदा परीक्षण किया गया। इस अभियान का उद्देश्य किसानों को उनकी मिट्टी की गुणवत्ता के बारे में जागरूक करना और उन्हें मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने के लिए आवश्यक सलाह देना था। विद्यालय के प्रधानाचार्य शांति मोहंती ने कहा, मृदा दिवस के अवसर पर हमने यह अभियान चलाया है। हमारा उद्देश्य किसानों को मिट्टी की गुणवत्ता के बारे में जागरूक करना और उन्हें मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने के लिए आवश्यक सलाह देना है।

# भगवान का भजन करने से हमेशा होता है कल्याण :प्रपन्नाचार्य



**जांजगीर चांपा।** राम जी की कथा का कोई अंत नहीं है। एक जीवन तो क्या कई जन्म कम पड़ जाएंगे यह कथा कभी पूरी नहीं होगी। हरि अनंत हरि कथा अनंता हम कुछ सुना पाए आप जो कुछ सुन पाए उसमें पूज्य गुरुदेव जी एवं भगवान हरि की कृपा समाहित है। यह मार्मिक उद्गार अवधपुरी धाम से पधारे हुए अनंत विभूषित स्वामी रत्नेश प्रपन्नाचार्य महाराज ने शिवरीनारायण मठ महोत्सव के समापन अवसर पर अभिव्यक्त की। राम कथा के अंतिम दिवस श्रोताओं से कहा कि जो धर्म के पथ पर चलता है, जो सत्य पथ पर चलता है, उसके पैर को कोई हिला नहीं सकता ! इसलिए रावण के दरबार में कोई भगवान राघवेंद्र सरकार के बारात में शामिल छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत एवं अन्य। भी अंगद के पांव को हिला नहीं सके। सतयुग में युद्ध दो लोक (देवलोक एवं दैत्य लोक) में होता था। त्रेता में यह दो देशों तक आ गया भारत और श्रीलंका, द्वापर में परिवार के बीच में युद्ध होने लगा (कौरव और पांडव आपस में भिड़ गए)। कलयुग में अब अंर्तद्वंद प्रारंभ हो गया है। प्रत्येक व्यक्ति के अंत:करण में युद्ध की लहरें उठ रही है। वैराग्य का सबसे प्रबल युद्ध काम से होता है। मेघनाथ काम का प्रतीक है उसने लक्ष्मण रूपी वैराग्य पर वीर घातनी शास्त्र का प्रयोग किया। वे मूर्छित हो गए, ध्यान रखना काम वैराग्य को मूर्छित तो कर सकता है लेकिन परास्त नहीं! देखा लखन का हाल तो श्री राम रो पड़े यह गाकर उन्होंने स्त्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। जीवन में जितना पाप होना था हो गया आज ही से सारे अभिमान को छोड़कर भगवान का भजन करो कल्याण हो जाएगा। उन्होंने राम रावण युद्ध से लेकर राम राज्य तक की पूरी कथा श्रोताओं को सुनाया। श्री शिवरीनारायण मठ महोत्सव के समापन के अवसर पर लोगों का सैलाब उमड़ पड़ा। लोग बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। 6 दिसंबर को शाम के समय सीताराम विवाह महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। शिवरीनारायन मठ से भगवन की झांकी के साथ बाजे गाजे के साथ बारात निकाली गई। बारात में छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत बाराती बनकर सम्मिलित हुए। उनके साथ राजेश्री मठ रामसुंदर दास, पामगढ़ विधायक शेष राज हरबंस, अकलतरा विधायक राघवेंद्र सिंह, पूर्व विधायक मोतीलाल देवांगन, चंद्रदेव राय सहित गणमान्य नागरिक भगवान के बारात में सम्मिलित हुए।



## अग्निवीर ट्रेनिंग कर लौटा जवान, लोगों ने किया सम्मान

**मुलमुला।** ग्राम पंचायत कोनारगढ़ डिपरीपारा निवासी हिमांशु निषाद का चयन अग्निवीर में है। 6 महीने तक ट्रेनिंग करने के बाद हिमांशु ग्राम कोनारगढ़ पहुंचे तो उनके परिवार, व ग्रामीणों ने सम्मान किया। हिमांशु निषाद ने बताया कि मातृभूमि की सेवा करना और उनके लिए समर्पित रहना बड़े गर्व की बात है। उन्होंने आगे कहा कि अपने मातृभूमि की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। इस अवसर पर जेठूराम निषाद, धनीराम निषाद, विजय कश्यप, आनंद राम निषाद, शिवचरण वर्मा, अशोक कश्यप, धनेश्वर निषाद, सन्नी यादव, जलेश्वर निषाद, विष्णु केंवट, रामेश्वर निषाद, कृष्ण कुमार कश्यप, राजू कश्यप, महावीर निर्मलकर, रामनाथ साहू, लक्ष्मी साहू, अशोक खरे, संजू सिंह, कमलेश सिन्हा व अन्य ग्रामीणों ने उनका सम्मान किया।

# रबी फसल के लिए पानी देने ग्रामीणों ने मांग की प्रशासन से

**जांजगीर चांपा।** बम्हनीडीह-बिर्रा क्षेत्र के 400 से भी अधिक किसानों ने शुक्रवार 6 दिसंबर को जिला पंचायत सभापति गगन जयपुरिया के नेतृत्व में कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। वहीं कलेक्ट्रेट से पद यात्रा करते हुए जल संसाधन विभाग पहुंचकर जमकर नारेबाजी की।

किसानो का कहना है कि 26 नवंबर को संपन्न हुई जिला जल उपयोगिता समित की बैठक में निर्णय लिया गया है कि चाम्पा शाखा नहर के अंतर्गत आने वाले बम्हनीडीह - बिर्रा क्षेत्र के किसानो को रबी फसल के लिये पानी नहीं दिया जायेगा। पिछले तीन वर्षों से नहर मरम्मत का हवाला देकर रबी फसल के लिये बम्हनीडीह बिर्रा क्षेत्र में पानी नहीं छोड़ा जा रहा है, जिससे 5000 हेक्टेयर से भी अधिक क्षेत्रो में किसान अपने खेतो की बुवाई नहीं कर पा रहे है, वहीं इसी जिले के अन्य क्षेत्रों में प्रत्येक वर्ष रबी फसल के लिये लगातार पानी दिया जा रहा है। गगन जयपुरिया ने कहा कि जांजगीर- चाम्पा जिला पूर्णत: कृषि प्रधान जिला है।



रबी फसल किसानों के आर्थिक विकास के साथ साथ खेतो में काम करने वाले हजारो मजदूरो की रोजी-रोटी का भी साधन है। फसल नहीं होने से वही मजदूर पलायन के लिये विवश होते हैं। बच्चों की पढाई छूट जाती है, घर छुट जाता है, खेत गिरवी रखा जाता है। गांव में नहीं रहने से शासकीय योजनाओ से मिलने वाले चावल से लेकर आवश्यक सारी अन्य सहायता भी छुट जाती है। जांजगीर से चाम्पा जिला मुख्यत: किसानों का जिला है, यहां के लोगों के पास कृषि के अतिरिक्त आय का और कोई मुख्य स्रोत नहीं है। सभी लोग कृषि पर ही निर्भर है।

पिछले वर्ष भी जब रबी फसल के लिये पानी मांगा गया था तब जिला प्रशासन द्वारा यह कहा गया था कि अगले वर्ष निश्चित रूप से पानी दिया जायेगा, अब फिर इस वर्ष पानी मांगने पर फिर से अगली बार का आश्वासन दिया जा रहा है। क्षेत्र के किसान इन सब बातों को देखते हुए अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रहे है। किसानों ने कहा है कि यदि प्रशासन तीन दिनों में पानी देने की सूचना नहीं जारी करती है तो हम फिर चक्का जाम अथवा अन्य आन्दोलन करने के लिये विवश होंगे। कलेक्ट्रेट और जल संसाधन के कार्यालय में तालदेवरी, बोरसी, गतवा, सेमरिया, बंसुला, नकटीडीह तथा कपिस्दा आदि ग्राम के किसान उपस्थित थे।



## लोन वसूली के दौरान मानसिक रूप से न करें प्रताड़ित

**जांजगीर-चांपा।** फ्लोरा मैक्स कंपनी द्वारा करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी के संबंध में माइक्रो फाइनेंस संस्थाओं के प्रबंधकों की बैठक पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभा कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित प्रबंधकों को निर्देश दिया गया कि ठगी का शिकार हुए पीड़ित व्यक्तियों से लोन वसूली के दौरान उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित न किया जाए। बैठक में अलग-अलग 39 माइक्रोफ़ाइनेस कंपनी/बैंकों वाले उपस्थित हुए।. पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला के निर्देशन में शुक्रवार 6 दिसंबर को को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभा कक्ष में जिले के माइक्रो फाइनेंस संस्थाओं के प्रबंधकों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में फ्लोरा मैक्स कंपनी के धोखाधड़ी मामले में पीड़ित व्यक्तियों से संबंधित विषयों पर चर्चा की गई। पीड़ित व्यक्तियों, जिन्होंने विभिन्न बैंकों से लोन लिया और उक्त कंपनी में रकम जमा की लोन वसूली के दौरान मानसिक दबाव से बचाने के लिए प्रबंधकों को आवश्यक सुझाव और दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में एसडीओपी चाम्पा यदुमणि सिदार और थाना प्रभारी चाम्पा डॉ. नरेश पटेल उपस्थित रहे। उन्होंने प्रबंधकों को निर्देशित किया कि वसूली प्रक्रिया में मानवीय दृष्टिकोण अपनाया जाए और पीड़ितों को सहानुभूतिपूर्वक सहयोगक्षे प्रदान किया जाए।

## मिलिंग के भुगतान को लेकर राईस मिलर्स ने खोला मोर्चा

**जांजगीर-चांपा।** करोडों रुपए के बकाया मिलिंग भुगतान एवं प्रोत्साहन राशि दिलाए जाने की मांग को लेकर राईस मिलरों ने मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने इस संबंध में डीएमओ को ज्ञापन सौपकर कस्टम मिलिंग कार्य में असमर्थता जताई है। इधर राईस मिलरों के काम करने में असमर्थता जता देने के बाद इसका असर धान खरीदी परिवहन पर पड़ सकता है।

गौरतलब है कि धान खरीदी के दौरान किए गए कस्टम मिलिंग का कार्य कराने के बाद राईस मिलरो को वर्ष 2022 एवं 23 के समय में किए गए कार्य के करोड़ों रूपए का कस्टम मिलिंग एवं प्रोत्साहन राशि का करोड़ों रूपए बकाया है, जिसके चलते राईस मिलरो की दिक्कते और भी बढ़ गई है। इस समस्या को लेकर राईस मलरों के पदाधिकारियों ने जिला मुख्यालय जांजगीर में जिला विपणन अधिकारी को अपनी समस्या के संबंध में ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन के माध्यम से राईस मिलरों ने कस्टम मिलिंग कार्य करने में अपनी असमर्थता जताई। उन्होंने बताया कि कस्टम मिलिंग कार्य करने के बाद भी मिलने वाली करोड़ो रूपए की राशि का भुगतान अब तक नही किया जा सका है। वह धान परिवहन करने के बाद मिलने वाली प्रोत्साहन राशि वर्ष 2022 एवं 23 का भुगतान अब तक नही एवं 24 में सभी चांवल जमा करने के बाद भी राशि भुगतान के लिए बनाए जाने वाले बिल को अब तक नही बनाया गया है। जिसके चलते राईस मिलरों को काफी परेशानी उठानी पड जा रही है। वर्ष 2024 एवं 25 में किए गए एग्रीमेंट में सुधार की मांग भी की गई है। इधर जांजगीर चाम्पा जिले में इन दिनों धान खरीदी कार्य बड़े पैमाने पर चल रहा है। वही दूसरी ओर राईस मिलरो के द्वारा कस्टम मिलिंग कार्य करने में असमर्थता जता देने के बाद इसका असर धान खरीदी परिवहन कार्य पर पड़ सकता है। जिसके चलते उपार्जन केन्द्रों में धान जाम होने की संभावना से इंकार भी नहीं किया जा सकता। वहीं अपनी इस समस्या को लेकर राईस मिलरो ने मोर्चा खोल दिया है।

## प्रदूषण एवं बाईपास सड़क को लेकर लगातार उठ रही आवाज

**अकलतरा।** विधायक राघवेंद्र सिंह के कार्यकाल का एक वर्ष पूरे होने पर उन्हें बधाइ एवं शुभकामनाएं देने के लिए विधायक कार्यालय में क्षेत्र वासियों एवं कार्यकर्ताओं का तांता लगा रहा। विधायक ने क्षेत्र वासियों का बधाई स्वीकार करते हुए सभी का आभार जताया। उन्होंने चर्चा के दौरान बताया कि जनता की सेवा ही उनका मुख्य उद्देश्य है. जिस विश्वास के साथ जनता ने उन पर भरोसा जताया है, उस भरोसे पर खरा उतारने का निरंतर प्रयास कर रहे हैं। लगातार क्षेत्र में जनसंपर्क के दौरान जनता से भेंट मुलाकात कर उनके सुख दुख में शामिल होकर क्षेत्र वासियों के बेहतरी के लिए और क्या किया जाना चाहिए यह जानने का प्रयास किया जाता है। उन्होंने कहा कि जनता को अपने परिवार की तरह साथ लेकर क्षेत्र के लिए काम कर रहे हैं. क्षेत्र में बेरोजगारी के अलावा प्रदूषण एवं बाईपास सड़क की बड़ी समस्या लंबे समय से है जिसको लेकर सदन तक बात् पहुंचाने में किसी तरह की कमी नहीं की जा रही है। जनता की आवाज बन कर वे अपनी बात सदन पर रख रहे हैं।

## 3 लाख की चपत लगी किसानों को

**जांजगीर-चांपा।** जिले में नमो एग्रीकल्चर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी, देवेंद्र नगर रायपुर द्वारा मछली और मोती पालन के नाम पर 6 किसानों से ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा है।

ग्राम तिलाई निवासी देव प्रसाद सहित 5 अन्य किसानों ने सिटी कोतवाली थाने में FIR दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि वर्ष 2023 में दिनेश सरकार,प्रमोद अग्रवाल और अभिजीत बंछोर ने मछली और मोती पालन के बारे में जानकारी देकर अच्छी आमदनी और लोन में 60त्न सब्सिडी दिलाने का झांसा देकर अलग-अलग किसानों से कुल 3 लाख 28 हजार रुपए लिए गए।


**भारतीय स्टेट बैंक**
**ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान कोरबा**
**तहसील कार्यालय के पास, हाउसिंग बोर्ड रोड कोरबा छ.ग.**

**निविदा आमंत्रण**

ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार के दिशा निर्देशानुसार एसबीआई आरसेटी कोरबा द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के बेरोजगार युवक/युवतियों को स्वरोजगार स्थापना की दिशा में प्रेरित करने हेतु प्रशिक्षण दिये जाते हैं। उन प्रशिक्षणार्थीयों हेतु नाश्ता, दोनों समय का भोजन और दो चाय/कॉफी प्रतिदिन देने हेतु अनुभवी केटररों से सीलबंद लिफाफों में निविदायें आमंत्रित की जाती है। भोजन, नाश्ता चाय आदि पूर्ण गुणवत्ता के साथ एसबीआई आरसेटी द्वारा उपलब्ध कराये जाने वाले मीनू के अनुसार ही होगा। मीनू तथा निविदा फार्म दिनांक 07.12.2024 से कार्यालयीन समय में प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदायें जमा करने की अंतिम तिथि 12.12.2024 समय शाम 4:00 बजे कार्यालयीन समय समाप्ति तक होगी। निविदा खुलने का दिनांक 13.12.2024 को समय 3 बजे रखा गया है। प्राप्त निविदाओं पर निर्णय स्थानीय समिति द्वारा लिया जाएगा। इस विषय में किसी भी/अथवा समस्त निविदाओं को अस्वीकृत करने का अधिकार स्थानीय समिति को होंगे। चयनित आवेदक को केटरींग सुविधाएं 01.01.2025 से 31.12.2025 के बीच आयोजित किए जाने वाले प्रशिक्षणों में देनी होगी। आवेदक के पास पैन कार्ड, कैटरिंग लाइसेंस, अनुभव प्रमाण पत्र एवं खाद्य विभाग से पंजियन प्रमाण पत्र इत्यादी होना आवश्यक है।

नोट : पूर्व में कैटरींग संबंधित कार्य किये गये आवेदकों को अनुभव के आधार पर प्राथमिकता दी जावेगी।

निदेशक
संपर्क नंबर- 9893075605 एसबीआई आरसेटी, कोरबा


## धान की फसल लेकर आ रहा चालक ट्रैक्टर में दबा

**जांजगीर।** नवागढ़ थाना क्षेत्र में एक युवक की ट्रैक्टर की चपेट में आने से हो गई है। युवक ट्रैक्टर की ड्राइविंग सीट पर बैठा था। उसी दौरान ट्रैक्टर ब्रेकर में उछल गया। इससे ड्राइविंग सीट से अनियंत्रित हुआ और नीचे गिर गया। इससे ट्रैक्टर ड्राइवर ट्रॉली के पहिये की चपेट में आ गया। ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई। गत गुरुवार की देर शाम ग्राम अमोरा निवासी ड्राइवर सुरेन्द्र सूर्यवंशी ट्रैक्टर से धान को खाली कर अपने घर जा रहा था। सड़क में बने ब्रेकर पर तेज रफ्तार ट्रैक्टर से चालक ने नियंत्रण खो दिया। इस दौरान वह इंजन से उछलकर नीचे गिर गया और ट्रॉली के चक्के की चपेट में आ गया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, ट्रैक्टर थोड़ी दूर जाकर घर की दीवार से टकरा गई। आवाज सुनकर आसपास के घर लोग बाहर निकले। उन्होंनें देखा? कि सुरेन्द्र सूर्यवंशी मृत अवस्था में सड़क पर पड़ा हुआ था। घटना की जानकारी नवागढ़ पुलिस को दी गई। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सीएचसी अस्पताल लगा गया। जहां पोस्टमॉर्टम कराकर शव परिजन को सौंप दिया गया।

## चिखली सरपंच व सचिव पर वित्तीय अनियमितता का आरोप

**शक्ति।** जनपद पंचायत मालखरौदा के अंतर्गत ग्राम पंचायत चिखली में सरपंच एवं सचिव द्वारा शासन से मिलने वाली राशि का खुलेआम दुरुपयोग करने का आरोप लगाया गया है। ग्राम पंचायत के विकास के नाम पर राशि डकार लिया गया है। ग्राम पंचायत चिखली में कई विकास कार्यों की राशि में गड़बड़ी की गई है। वही गलत तरीके से बिल वाउचर पेश कर राशि को आहरण कर भ्रष्टाचार किया गया है, वही ग्राम पंचायत के सरपंच एवं सचिव की मनमानी चरम सीमा पर है। जबकि भाजपा मंडल मालखरौदा के अध्यक्ष चंद्र कुमार चंद्रा द्वारा लिखित शिकायत 12 अगस्त 2024 को जनपद पंचायत के सीईओ एवं उच्च अधिकारियों को ग्राम पंचायत चिखली के 15 वें वित्त की राशि का गबन करने का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच करने की मांग की गई है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि सरपंच एवं सचिव द्वारा मिलकर 15 में की राशि को गलत तरीके से आहरण कर राशि का गबन कर लिया गया है। शिकायत की जनपद पंचायत द्वारा जांच टीम गठित की गई। जिसमें जांच टीम गठित कर जांच कराया गया है, परंतु अभी तक सरकारी राशि का बंदरबाट करने वाले सरपंच एवं सचिव के विरुद्ध कोई उचित कार्रवाई नहीं की गई है। जबकि जनपद पंचायत मालखरौदा में शिकायत 4 माह बीत चुका है, इसके बाद भी अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है, बल्कि सरपंच एवं सचिव को बचाने का प्रयास किया जा रहा है। जांच टीम को शिकायत सही मिली है।

### जगन्नाथ मठ मंदिर में गीता जयंती समारोह 11 को मनाएंगे

**चांपा।** श्रीमद् भगवद गीता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने गीता सेवा संस्थान समिति चांपा के तत्वावधान में 11 दिसंबर की शाम 4 बजे प्रसिद्ध प्राचीनतम देवस्थल श्री जगन्नाथ मठ मंदिर में मोक्षदायिनी गीता जयंती समारोह होगा। संस्थान के संरक्षक मठाधीश लालदास महंत के मार्गदर्शन और संयोजक पंडित हरिहर प्रसाद तिवारी के नेतृत्व में कार्यक्रम होगा। इस अवसर पर श्रद्धालुओं को गीता के उपदेशों का महत्व समझाने और उनके आध्यात्मिक उत्थान के लिए प्रेरित किया जाएगा।

## भाजपा की कथनी व करनी में अंतर: रूप नारायण साहू

**जांजगीर चांपा।** कृषि उपज मंडी के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता रूप नारायण साहू ने प्रदेश सरकार पर किसानों को छलने आरोप लगाया है। उन्होंने - कहा कि भाजपा ने - धान का समर्थन मूल्य तीन हजार एक - सौ रुपए देने का वायदा किया था। - जबकि किसानों को दो हजार तीन सौ - रुपए दिए जा रहे हैं। साहू ने कहा कि भाजपा के कथनी और करनी में - सदैव से अंतर रहा है। एक बार फिर - से उसने इसे सिद्ध किया है। पार्टी के - दोहरे चरित्र से किसानों में आक्रोश है, इसका खामियाजा त्रिस्तरीय पंचायत एवं स्थानीय निकाय के - चुनाव में भाजपा को भुगतना पड़ेगा। पूर्व मंडी अध्यक्ष ने धान उपार्जन केंद्रों में भारी अव्यवस्था और किसानों को भुगतान मिलने में व्यवहारिक दिक्कतों पर भी राज्य सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि ऑफलाइन टोकन काटने में किसानों के साथ भेदभाव किया जा रहा है। वहीं अनेकों केंद्रों में जगह की कमी बताकर धान लेने में आनाकानी की जा रही है। कांग्रेस - पार्टी किसानों के साथ अन्याय नही होने देगी।

### निशक्त जनकल्याण सेवा समिति के पदाधिकारी किए गए सम्मानित

**पामगढ़।** व्यापारी सेवा समिति राहौद को उनके उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों और निस्वार्थ सेवा के लिए निशक्त जनकल्याण सेवा समिति पामगढ़ द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान पामगढ़ में आयोजित विश्व विकलांग दिवस कार्यक्रम के दौरान विधायक शेषराज हरबंश के हाथों दिया गया। सम्मान समारोह में अतिथि के रूप में पामगढ़ थाना प्रभारी सिन्हा और न्यायाधीश शीलू केसरी उपस्थित रहे। अतिथियों ने व्यापारी सेवा समिति के कार्यों करते हुए उसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। विधायक हरबंश ने कहा कि व्यापारी सेवा समिति जैसे संगठन समाज को सशक्त बनाते हैं।

## लाखों की मशीन के चोरी के मामले में आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

**जांजगीर।** आरोपी अजीत यादव(30) निवासी खैराट थाना खामपार, जिला देवरिया (उप्र) का निवासी है। 25 मई 2022 को थाने में चंद्रा क्रसर उद्योग के संचालक लोकेश चन्द्रा ने सूचना दी कि उसके उद्योग में आरोपी अजीत ने माइनिंग खनन के लिए पोकलेन मशीन ठेका में लगाया था। वह किराए में मशीन लेकर पत्थर तोड़ने का कार्य कर रहा था। लगभग तीन-चार महीने काम करने के बाद बरसात आने पर खनन कार्य बंद कर अन्यत्र जाने की बात बताकर पोकलेन मशीन में चन्द्रा केशर उद्योग की ब्रेकर मशीन कीमती 800000 रुपए को चोरी कर ले गया। थाना मालखरौदा में आरोपी अजीत यादव के खिलाफ चोरी का अपराध दर्जकर उसकी तलाश शुरू की। तब से आरोपी फरार था। प्रकरण पुराना होने तथा मामले की गंभीरता को देखते एसपी अंकिता शर्मा ने आरोपी के गिरफ्तारी के आदेश दिए। ऐसे में आरोपी अजीत की तलाश करने के लिए विशेष टीम बनाकर रवाना की गई। आरोपी को शहडोल मप्र में हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। उसने अपना जुर्म स्वीकार किया।

***बाराद्वार।** भारतीय संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के 6 दिसंबर महापरिनिर्वाण दिवस पर शुक्रवार को बहुजन समाज पार्टी की ओर से बाराद्वार नगर के पेट्रोल पंप के पास स्थित अंबेडकर चौक में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

## निधन

### हीराबाई देवांगन

**अकलतरा।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक स्व. परदेसी देवांगन की धर्मपत्नी हीराबाई देवांगन का निधन हो गया। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गई है। उनका अंतिम संस्कार गोपिया तालाब स्थित मुक्ति धाम में किया गया। अंतिम यात्रा में स्वजन, नगरवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए। वे हितेश देवांगन एवं दिनेश देवांगन की मां थीं।

### भोजराम टण्डन

**जांजगीर-चाम्पा।** ग्राम पेण्ड्री (खोखरा) के प्रतिष्ठित नागरिक, ब्लॉक युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष, पूर्व जनपद सदस्य एवं झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के वर्तमान जिलाध्यक्ष भोजराम टण्डन का 43 वर्ष की उम्र में गुरुवार 5 दिसंबर को निधन हो हो गया। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार 6 दिसंबर को स्थानीय मुक्तिधाम में हुआ। उनके अंतिम यात्रा में परिजन, गणमान्य नागरिक एवं जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में शामिल हुए। वे धनसाय टण्डन के पुत्र थे। श्री टण्डन काफी लम्बे समय से कांग्रेस के राजनीति में सक्रिय थे।


## नेता प्रतिपक्ष ने दोहराया, सारागांव को अच्छी तस्वीर देने का जिम्मा हमारा

**बाराद्वार।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं क्षेत्रीय विधायक डॉ चरणदास महंत ने शुक्रवार को नगर पंचायत के करीब डेढ़ करोड़ की लागत के विभिन्न निर्माण कार्यों पूजा अर्चना कर भूमिपूजन, लोकार्पण एवं डॉ अंबेडकर की आदम कद प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बाराद्वार से उनका पुराना नाता रहा है। इसे संवारने के लिये खासकर बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए कभी कोई कमी नहीं की गई है। डॉ महंत ने कहा कि डॉ अंबेडकर सदैव से सामाजिक समानता के पक्षधर थे। उन्होंने आरक्षण के माध्यम से खास कर एसटी, एससी को विकास की। मुख्यधारा में जोड़ने का उल्लेखनीय कार्य किया। उन्होंने कहा कि बाराद्वार में महाविद्यालय की स्थापना अस्पताल को अपग्रेड करने एवं राजस्व अनुविभाग बनाने की दिशा में हर संभव कोशिश करेंगे। विशिष्ट अतिथि डॉ महंत के प्रतिनिधि गुलजार सिंह ठाकुर ने बाराद्वार में प्रस्तावित हाथ करघा इंस्टिट्यूट जैसे अनेक बड़े प्रोजेक्ट की जानकारी देते हुए इससे रोजगार के नए अवसर उपलब्ध होने की बातें कही। उन्होंने बाराद्वार के लिए उच्च शिक्षा, मेडिकल, एसडीएम कोर्ट के स्थापना की मांग रखी। नपं उपाध्यक्ष विजय सूर्यवंशी ने वर्तमान परिषद के अब तक के कार्यकाल के बारे में विस्तार से जानकारी एवं उपलब्धियां गिनाई। उन्होंने पीएम आवास योजना 2.0 में हितग्राहियों को आ रही व्यवहारिक दिक्कतों के समाधान की मांग की। आभार प्रदर्शन नगर पंचायत अध्यक्ष रेश्मा विजय सूर्यवंशी ने किया। सीएमओ लक्ष्मण देहारी ने प्रतिवेदन का पठन किया। कार्यक्रम में पार्षद नपं स्टॉफ सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।



## संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ आज से

**जांजगीर चांपा ।** गौरव ग्राम सिवनी-नैला पानी टंकी के पास 7 से 15 दिसंबर तक संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस भव्य आयोजन में कथा वाचन के लिए प्रसिद्ध भगवताचार्य आचार्य प्रवीण मिश्रा होंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ 7 दिसंबर को कलश यात्रा, वेदी पूजन और महात्म वर्णन के साथ शुरुआत होगी। 7 दिसंबर कलश यात्रा, वेदी पूजन, महत्तम वर्णन, 8 दिसंबर महाभारत कथा, परीक्षित जन्म, श्री सुखदेव जी का आगमन, 9 दिसंबर 12 अवतार, श्री सती चरित्र, ध्रुव चरित्र, 10 दिसंबर जड़ भरत चरित्र, भक्त प्रह्लाद चरित्र, 11 दिसंबर श्री राम जन्म, श्री कृष्ण जन्मोत्सव, 12 दिसंबर श्री कृष्ण बाल लीला, गोवर्धन लीला, 13 दिसंबररू कंस वध, श्री कृष्ण-रुक्मिणी विवाह, 14 दिसंबर सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष कथा, विश्राम चढ़ोतरी एवं 15 दिसंबर गीता पाठ, तुलसी वर्षा, हवन, पूर्णाहुति, सहस्त्रधारा होगा। हर रोज सुबह वेदी पूजन, तुलसी परिक्रमा, अभिषेक, संकीर्तन और महाआरती का आयोजन किया जाएगा।



## अनमोल वचन......

समय रहते अगर जीवन में सिख गये किस तरह से हर कार्य करना है तो आपको कोई परास्त नहीं कर सकता ।

# टिकाऊ हल की तलाश

*प्रदूषण से भारत की छवि को नुकसान पहुंचा है। दिल्ली में हर साल औसतन 275 दिन खराब हवा दर्ज की जाती है। ये मुश्किलें स्पष्ट हैं। फिर भी टिकाऊ हल की तलाश का कोई गंभीर प्रयास होते हम नहीं देख रहे हैं। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में छाया जहरीला धुआं इस महीने की प्रमुख खबरों में रहा है। इस बीच यह जिक्र भी हुआ है कि एनसीआर की बदहाली तो फिर भी सुर्खियों में आ जाती है, लेकिन देश के बहुत-से शहरों के प्रदूषण पर शायद ही कभी ध्यान जाता है, जबकि वहां हाल किसी रूप में बेहतर नहीं है। फिर प्रदूषण पर चर्चा अक्सर स्वास्थ्य के नजरिए से होती है- जबकि अर्थव्यवस्था पर होने वाले खराब असर पर अक्सर बात नहीं होती। जबकि हकीकत यह है कि इसका अर्थव्यवस्था पर भी भारी असर हो रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार प्रदूषण से हर साल देश की जीडीपी के लगभग तीन प्रतिशत हिस्से का का नुकसान हुआ है। डलबर्ग नाम की ग्लोबल कंसल्टेंसी फर्म ने यह अनुमान लगाया था।*

*बेशक प्रदूषण के नुकसान को पैसों में नहीं तोला जा सकता। फिर भी इसकी आर्थिक कीमत भी बहुत महंगी है, यह साफ है। सघन प्रदूषण के समय दफ्तरों का बंद होना, स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण लोगों का काम पर ना जा पाना, बीमारियों के इलाज, समय से पहले मौत, और इन सबके परिवारों पर पडऩे वाले असर की कीमत बेहद महंगी है। बाजार विशेषज्ञों की राय में प्रदूषण का उपभोक्ता अर्थव्यवस्था पर भी असर पड़ा है। इसकी वजह से इस सीजन में लोग बाजारों और रेस्तराओं में कम जाते हैं। दिल्ली पर गौर करें, तो जो इस समस्या के कारण राष्ट्रीय राजधानी को अपनी जीडीपी के छह फीसदी हिस्से का नुकसान हर साल हो रहा है। तजुर्बा यह है कि सेहत को लेकर सजग लोग बाहर निकलने से बचते हैं, जिससे व्यापार प्रभावित होता है। पर्यटन उद्योग पर भी इसका असर पड़ा है। सर्दियों के मौसम में ज्यादातर विदेशी पर्यटक भारत आते रहे हैं। लेकिन अब धुंध की वजह से वे अपना प्रोग्राम टाल देते हैं। इंडियन एसोसिएशन ऑफ टूअर ऑपरेटर्स के मुताबिक प्रदूषण से भारत की छवि को नुकसान पहुंचा है। दिल्ली में हर साल औसतन 275 दिन खराब हवा दर्ज की जाती है। ये मुश्किलें स्पष्ट हैं। फिर भी टिकाऊ हल की तलाश का कोई गंभीर प्रयास होते हम नहीं देख रहे हैं।*

## राशिफल

**मेष राशि :** आज आपके रुके हुये महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे। आज आप अपना व्यवहार सकारात्मक बनाए रखें। भविष्य के लिए बनायी योजनाओं पर भी आज कुछ सोच-विचार करने की जरुरत हैं। अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में परिवार वालों की मदद मिलेगी। जीवन में अपने परिवार, दोस्तों और जीवनसाथी की भूमिका को पहचानेंगे।

**वृष राशि :** आज का दिन व्यापार की गति बढ़ाने वाला साबित होगा। किसी पुराने निवेश से आज आपको फायदा होगा। आज योजना बनाने और फैसला लेने के लिए दिन बहुत अच्छा है। आज आप पूरा ध्यान अपने कार्यों को पूरा करने में लगायेंगे। मन लगाकर की गयी कोशिशें जल्द ही रंग लाएंगी।

**मिथुन राशि :** आज आपका दिन खुशियों भरा रहेगा। आज आपका मन नये काम करने में लगेगा। आज आपके बिजनेस में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं। आज आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। विद्यार्थी आज कुछ नया सिखने का प्रयास करेंगे। आज बिना वजह विवादों में फंसने से बचें।

**कर्क राशि :** आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज अपनी सोच को सकारात्मक रखें। ऑफिस के रुके हुए कार्य निपटाने की कोशिश करेंगे जिनमें आप सफल भी रहेंगे। परिवार से जुड़ा कोई भी फैसला सोच-समझकर लें, जल्दबाजी बिलकुल ना करें। किसी काम को कल पर टालने से आपको बचना चाहिए।

**सिंह राशि :** आज का दिन अच्छा रहेगा। आज जिससे भी मिलेंगे वह व्यक्ति आपसे प्रभावित होगा। किसी से भी बात करते समय वाणी पर संयम बनाए रखें। अपने करियर को लेकर आज आपके मन में दुविधा होगी, लेकिन किसी अनुभवी व्यक्ति से बात करके सॉल्व भी हो जायेगी। आज आपका स्वास्थ्य पहले से ठीक रहेगा। बच्चें आज खेल-कूद में व्यस्त रहेंगे।

**कन्या राशि :** आज आपका ध्यान ऑफिस के कार्यो को पूरा करने में लगा रहेगा। अपने अधूरे कार्यों को पूरा करने के लिए भी आज का दिन अच्छा है। आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आज आपका आत्मविश्वास आपके लिए सफलता की कुंजी साबित होगा। प्रसाशनिक कार्यों को पूरा करवाने के लिए आपको थोड़े धैर्य से काम लेना होगा।

**तुला राशि :** आज आपके मन में नए नए विचार आएंगे। आज आप कुछ ज्यादा ही जोश में रहेंगे। आज आप अपने बनाए प्लान में बदलाव करेंगे, जिससे आपको लाभ भी होगा। बिजनेस में भी कुछ नया करने की योजना बनायेंगे। आज आप दिल की बजाय दिमाग से काम लें। व्यापार में आर्थिक लाभ होने से कर्ज से छुटकारा मिलेगा। आज परिवार वालों से गंभीर मुद्दे पर बात होगी।

**वृश्चिक राशि :**आज बड़े बुजुर्गों की सलाह आपके लिए लाभकारी सिद्ध होगी। आज अचानक धन लाभ होने के योग बन रहे है। आज आप सामाजिक कार्यों में सहयोग देंगे। जिससे समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। शत्रु पक्ष आप पर हावी होने की कोशिश करेगा, लेकिन आप अपनी सूझ-बुझ से उन्हें असफल कर देंगे।

**धनु राशि :** आज आपका रुझान अध्यात्म की तरफ ज्यादा रहेगा। आप घर वालों के साथ धार्मिक कार्यों में मन लगायेंगे। राजनीतिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी। आज पड़ोसियों के बीच आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। साइंस से जुड़े छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा है। आज माता के साथ रिश्ते और बेहतर होंगे।

**मकर राशि :** आज वरिष्ठ अधिकारी आपके काम की तारीफ करेंगे। आपकी सैलरी में बढ़ोत्तरी भी होगी, जिससे आप आज पूरे दिन प्रसन्न रहेंगे। आज आप अपने सीनियर्स के प्रति अच्छा व्यवहार बनाए रखें। छात्रों के लिए आज का दिन अनुकूल रहने वाला है। आपके अच्छे प्रदर्शन का प्रभाव आपके करियर पर स्पष्ट रूप से दिखाई देगा।

**कुंभ राशिः** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहेगा। आज सामाजिक कार्यों में अपना योगदान देंगे। कार्यक्षेत्र में उम्मीद के अनुसार कामयाबी हासिल होगी। पारिवारिक मामलों में किसी बात को लेकर जीवनसाथी से बात होगी।

**मीन राशि :** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज जो भी काम शुरू करेंगे उसमें आपको सफलता मिलेगी। संतान की करियर को बेहतर दिशा देने के लिए आज आप किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह लेंगे। सरकारी नौकरी कर रहे लोगो के काम की सीनियर्स तारीफ करेंगे। आज सोशल मीडिया पर नए लोगों के साथ संपर्क में आयांगे। जिसका फायदा आपको भविष्य में मिलेगा।

# यमुना हमारी सांस्कृतिक और पर्यावरणीय धरोहर

//सुशील देव//

**छठ पूजा के अवसर पर यमुना नदी एक बार फिर चर्चा का विषय बनी। इसकी साफ-सफाई और स्वच्छता को लेकर फिर से कई सवाल दागे गए। वादे-कस्में दुहराए गए। लेकिन हर बार यह चर्चा-परिचर्चा किसी समाधान तक नहीं पहुंचती। हर साल यही होता है-राजनीतिक बयानबाजी, आरोप-प्रत्यारोप और गंदी राजनीति का खेल। गंदी राजनीति की वजह से यमुना कहीं अधिक गंदी हो रही है। चर्चाओं के दौरान नदी की स्थिति पर केवल औपचारिक बातें की जाती हैं। यमुना की हालत हर दिन बिगड़ती जा रही है। गंदे नालों का पानी, झाग, बदबूदार काला पानी और जहरीले रसायन न केवल नदी को दूषित कर रहे हैं, बल्कि आसपास रहने वाले लोगों की जिंदगी पर भी गंभीर असर डाल रहे हैं। राजनीतिकदल केवल अपनी राजनीति साधने में व्यस्त हैं।**

कभी पवित्र मानी जाने वाली यमुना की दुर्दशा कोई नई बात नहीं है। इसे स्वच्छ और निर्मल बनाने के लिए कई सरकारें आई और गई। लाखों-करोड़ों रु पये खर्च हुए, बड़े-बड़े आंदोलन और अभियान चलाए गए, लेकिन नतीजा शून्य ही रहा। नदी को गंदा करने वाले असली गुनहगार कौन हैं, यह आज तक तय नहीं हो सका। दरअसल, यह समस्या प्रशासनिक लापरवाही और खराब ड्रेनेज व्यवस्था का नतीजा है। दिल्ली का ड्रेनेज सिस्टम पूरी तरह से फेल हो चुका है। थोड़ी सी बारिश होते ही राजधानी की सड़कों पर पानी भर जाता है।

बारिश का पानी के निकलने का कोई समुचित इंतजाम नहीं है। नालों की सफाई न होने और जल निकासी की व्यवस्था खराब होने से नाले उफान मारते हैं। पहले नदी का पानी बढने़ से शहर में बाढ़ आती थी, लेकिन अब शहर का पानी ही बाढ़ जैसे हालात पैदा कर देता है। दिल्ली का ड्रेनेज सिस्टम 1976 के टाउन प्लान पर आधारित है। उस समय दिल्ली की आबादी केवल 60 लाख थी, जो अब 2024 में बढ़ कर लगभग 3 करोड़ हो गई है। इस 48 साल पुराने सिस्टम से मौजूदा आबादी की जरूरतें पूरी करना संभव नहीं है। नया ड्रेनेज मास्टर प्लान बनाने की कई घोषणाएं हुई, लेकिन वह अब तक कागजों में ही सिमटा हुआ है। दिल्ली में 2846 से ज्यादा नाले हैं, जिनकी कुल लंबाई 3692 किलोमीटर है। इनमें से कई नाले ठोस कचरे, सीवेज और अतिक्रमण के कारण जाम हो चुके हैं। कई बड़े नालों का गंदा पानी सीधे यमुना में गिरता है। इससे नदी में प्रदूषण का स्तर बढ़ता ही जा रहा है। यमुना मॉनिटरिंग कमिटी ने सभी बड़े नालों के मुहाने पर सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट यानी एसटीपी लगाने की सिफारिश की थी लेकिन इस दिशा में भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

2018 में आईआईटी के एक प्रोफेसर ने दिल्ली सरकार को नया ड्रेनेज मास्टर प्लान सौंपा था। इस प्लान में बारिश के पानी और सीवेज के लिए अलग-अलग व्यवस्था करने की सिफारिश की गई थी। लेकिन इस पर भी काम शुरू नहीं हो पाया। विशेषज्ञों का कहना है कि जब तक सीवरेज और बाढ़ के पानी की निकासी के लिए अलग व्यवस्था नहीं होगी, तब तक समस्या बनी रहेगी। वहीं पीडब्ल्यूडी के मुताबिक, दिल्ली का मौजूदा ड्रेनेज सिस्टम 24 घंटे में केवल 50 मिमी. बारिश को ही संभाल सकता है। इससे अधिक बारिश होने पर जलभराव की समस्या उत्पन्न हो जाती है। विशेषज्ञों का मानना है कि 2000 के बाद दिल्ली में तेजी से शहरीकरण हुआ। खाली जमीनों पर अनधिकृत कॉलोनियां बस गई, हरित क्षेत्र घट गए और फ्लैटों का निर्माण बढ़ गया। इस सबने ड्रेनेज सिस्टम पर अतिरिक्त दबाव डाला।

दिल्ली के तीन प्रमुख प्राकृतिक जल निकासी बेसिन-ट्रांस यमुना, बारापुला और नजफगढ़-भी ठोस कचरे और अतिक्रमण की समस्या से जूझ रहे हैं। कई जगह जल निकासी के रास्ते पूरी तरह बंद हो चुके हैं। आरके पुरम, करोल बाग और दरियागंज जैसे इलाकों में नालों पर अतिक्रमण के कारण उनकी सफाई मुश्किल हो गई है। यह समस्या यमुना नदी के प्रदूषण को और बढ़ा रही है। यमुना को प्रदूषण से बचाने के लिए जरूरी है कि नालों का गंदा पानी सीधे नदी में जाने से रोका जाए। ठोस कचरे और सीवेज के उचित प्रबंधन के लिए आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल होना चाहिए। नालों की नियमित सफाई और उन पर अतिक्रमण हटाना भी अनिवार्य है। यमुना को साफ करने के लिए केवल सरकारी प्रयास काफी नहीं होंगे। समाज को भी जागरूक होना पड़ेगा। हमें अपने नालों और नदी में कचरा डालने से बचना होगा। सरकार को भी अपने वादों पर अमल करते हुए एसटीपी स्थापित करने और ड्रेनेज मास्टर प्लान को लागू करने में तत्परता दिखानी चाहिए। यमुना नदी की स्थिति केवल एक नदी का मुद्दा भर नहीं है, यह हमारे प्रशासन, राजनीति और समाज की सामूहिक विफलता को भी दर्शाता है। यदि हम अब भी नहीं चेते तो आने वाले समय में यह समस्या और गंभीर हो सकती है। यमुना केवल एक नदी भर नहीं है, बल्कि हमारी सांस्कृतिक और पर्यावरणीय धरोहर भी है। इसे बचाना हम सभी की जिम्मेदारी है।

# सुगम्य भारत अभियानः सार्वभौमिक सुगमता कार्यान्वयन

//डॉ अंजली अग्रवाल//

**सुगमता एक दिव्यांगों के लिए समावेशी दुनिया के निर्माण में पहली आवश्यकता है। पहुँच सुनिश्चित किए बिना, दिव्यांग व्यक्तियों को प्रदान किए गए अन्य सभी अधिकार अर्थहीन हो जाते हैं। दुनिया को दिव्यांगता-समावेशी बनाने के लिए आवश्यक हैः (1) जो अतीत की त्रुटियों को सुधारता है और (2) जो भविष्य की योजना बनाता है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि अतीत की त्रुटियाँ दोहराई नहीं जाती हैं और अतीत की त्रुटियों को सुधारने के लिए, पूर्व में निर्मित दुर्गम वातावरण का नवीनीकरण और पुनर्निर्माण करना और उसे सुलभ बनाना समय की आवश्यकता है।**

निर्माण, परिवहन और सूचना एवं संचार के ईकोसिस्टम में प्रदान की गई सुगमता के माध्यम से दिव्यांग व्यक्तियों का पूर्ण समावेशन और समान भागीदारी नितांत आवश्यक है। बाधाएँ न केवल उन लोगों के लिए मौजूद हैं जिन्हें जन्म से या जीवन के शुरुआती दौर में दिव्यांगता है, बल्कि बुजुर्गों के लिए भी, जो सुनने, देखने, गतिशीलता या मैनुअल कौशल में कमी का अनुभव कर सकते हैं; और ये कठिनाइयाँ सुलभ बुनियादी ढाँचे की माँग कर सकती हैं।उद्देश्यः सभी नागरिकों, जिसमें बुजुर्ग और दिव्यांग व्यक्ति शामिल हैं, के लिए सार्वभौमिक सुगमता (पहुँच) प्राप्त करने के लिए, भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग का एक राष्ट्रव्यापी प्रमुख अभियान, सुगम्य भारत अभियान, 3 दिसंबर, 2015 को शुरू किया गया था। इस अभियान का उद्देश्य भारत की 15त्न आबादी, जिनमें किसी न किसी प्रकार की दिव्यांगता है, द्वारा सामना की जाने वाली अप्राप्यता को दूर करना है। यह तीन क्षेत्रों पर केंद्रित हैः निर्मित पर्यावरण में पहुँच, परिवहन पारिस्थितिकी तंत्र और सूचना और संचार प्रौद्योगिकियाँ (आईसीटी)। यह देश में सार्वभौमिक पहुँच के कार्यान्वयन को सुगम्य भारतः सशक्त भारत के मिशन के साथ अनिवार्य करता है।एक्शनः वर्ष 2016 में, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने दिव्यांगता वाले विशेषज्ञों और सुगमता पर काम करने वाले लोगों के साथ एक संचालन समिति का गठन किया और सभी क्षेत्रों में चरणबद्ध तरीके से सुगमता कार्यान्वयन के लिए लक्ष्यों और समय-सीमा के साथ एक रणनीति पत्र विकसित किया। विभाग द्वारा आगे की कार्रवाई के लिए सुलभ नहीं होने वाली साइटों और भवनों की जानकारी और जागरूकता बढ़ाने के लिए एक पोर्टल और ऐप भी विकसित किया गया था। यह अभियान, अधिनियम, 2016 के सुगमता के नियमों दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों के अध्याय ङ्कढ्ढ, पहुँच और धारा 15, के साथ तालमेल बिठाता है। सुगमता ऑडिट, दिशानिर्देशों का विकास, कोड और क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यशालाएँ करना अभियान के उद्देश्य को पूरा करने के लिए की गई कुछ गतिविधियाँ हैं।समारोहः दिनांक 3 दिसंबर, 2024 को अभियान के शुरू होने के 9 वर्षों के बाद, यह दृढ़ता से महसूस किया गया है कि यद्यपि कानून के अनुसार सुगमता अनिवार्य है और अभियान ने जागरूकता बढ़ाई है व हितधारकों और सेवा प्रदाताओं के रवैये को बदल दिया है। हालाँकि, कई अधिकारियों को जीवन के सभी क्षेत्रों में सुगम्य वातावरण को लागू और सुदृढ़ करना बाकी है। इसके लिए, हम सभी को सार्वभौमिक पहुँच सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय सुगमता मानकों और सार्वभौमिक डिजाइन के सिद्धांतों को अपनाना, लागू करना, निगरानी करना और लागू करना चाहिए, जिससे सभी को लाभ होता है। भविष्यः इसलिए, सुगम्य भारत अभियान दिव्यांग व्यक्तियों को स्वतंत्र रूप से जीने और जीवन के सभी पहलुओं में पूरी तरह से भाग लेने में सक्षम बनाने के लिए सार्वभौमिक सुगमता को बढ़ाने और कार्यान्वयन का मार्ग प्रशस्त करेगा।

यह शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में जनता के लिए खुली/प्रदान की जाने वाली सभी सुविधाओं और सेवाओं के लिए दूसरों के साथ समान आधार पर उनकी समान पहुँच भी सुनिश्चित करेगा।भागीदारीः समावेशन और सशक्तिकरण में बाधाओं को दूर करने के लिए सुलभ बुनियादी ढाँचा प्रदान करने में निजी और सार्वजनिक क्षेत्रों दोनों को भूमिका निभानी है। हम व्यवसायों और कॉर्पोरेट संस्थानों, केंद्र और राज्य सरकार, दिव्यांग व्यक्तियों, दिव्यांगों की संस्थाओं (ओपीडी), नागरिक समाज संगठनों (सीएसओ), गैर-सरकारी संस्थाओं (एनजीओ) और अन्य सभी से हमारे सार्वजनिक और निजी भवनों, परिवहन बुनियादी ढाँचे और डिजिटल दुनिया को जल्द से जल्द सुगम बनाने के लिए हाथ मिलाने का आह्वान करते हैं। यह किसी को भी पीछे नहीं छोड़ना और अधिकार को वास्तविक बनाना की गारंटी देगा!!

# अमेरिका का भविष्य सवालों में घिरा

///डॉ. ब्रह्मदीप अलूने//

**ऐतिहासिक राजनीतिक वापसी के बाद आत्मविश्वास से भरे डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका फर्स्ट योजना को साकार करने को संकल्पित हैं। ट्रंप ने जिन सहयोगियों को अपनी कैबिनेट का हिस्सा बनाया है, उससे भविष्य के अमेरिका की बदली हुई और नई छवि उभर कर आने के संकेत मिल रहे हैं। हालांकि आशाओं और आकांक्षाओं से भरपूर ट्रंप की कैबिनेट को लेकर आशंकाएं भी कम नहीं हैं। ट्रंप आर्थिक सहयोग पर आधारित रणनीतिक भागीदारियों को अमेरिकन जनता के पैसों का दुरुपयोग समझते हैं, और इन्हें गैर-जरूरी बताते हैं। ट्रंप ने नाटो में अमेरिकी भागीदारी पर पुनर्विचार करने और कुछ अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं को कम करने का सुझाव दिया है।**

ट्रंप ने मार्को रूबियो को विदेश मंत्री बनाया है। रूबियो ने अमेरिका फर्स्ट दृष्टिकोण के साथ ही वैश्विक मंच पर अमेरिका का सम्मान पुनः हासिल करने का वादा किया है। वे चीन, ईरान और क्यूबा सहित अमेरिकी भू-राजनीतिक दुश्मनों के संबंध में सशक्त विदेश नीति की वकालत करते हैं। भारत के लिए उनके विचार बेहद सकारात्मक हैं, जो अमेरिकी विदेश नीति में आमूलचूल परिवर्तन करते हुए भारत को जापान, इस्त्रइल, दक्षिण कोरिया और नाटो के समकक्ष रखने की बात कहते हैं। रूबियो पाकिस्तान की आतंकवाद को बढ़ावा देने की कोशिश के चलते उसे दी जाने वाली सुरक्षा सहायता रोकने के हिमायती हैं। रूबियो इस्त्रइल को मदद बढ़ा कर ईरान को सबक सिखाने के हिमायती हैं। इसका असर मध्यपूर्व में देखने को मिल सकता है।

ट्रंप ने अरकंसास के पूर्व गवर्नर माइक हकबी को इस्त्रइल में अमेरिकी राजदूत के रूप में नामित किया है। हकाबी इस्त्रइल के कट्टर समर्थक हैं, और कब्जे वाले पश्चिमी तट पर इस्त्रइली बस्तियों के रक्षक हैं, जिन्हें अधिकांशतः अंतरराष्ट्रीय समुदाय द्वारा अवैध माना जाता है। इस्लामिक ऑर्गेनाइजेशन के सऊदी अरब, कतर, संयुक्त अरब अमीरात और बेहरीन जैसे अमेरिका के रणनीतिक सहयोगी ईरान पर इस्त्रइल के हमलों की आलोचना कर चुके हैं। यूएई ने इस्लामिक ऑर्गेनाइजेशन के सम्मेलन में कहा था कि ट्रंप प्रशासन के साथ एक व्यापक दृष्टिकोण रखने की जरूरत है, प्रतिक्रियावादी और टुकड़े-टुकड़े वाली नीति से काम नहीं चलेगा। इन स्थितियों में नये विदेश मंत्री और अमेरिकी राजदूत माइक हकबी के सामने मध्यपूर्व में अमेरिकी हितों की रक्षा के लिए संतुलन बनाने की बड़ी चुनौती होगी।

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार पद के लिए ट्रंप ने माइक वाल्ट्ज पर भरोसा जताया है। वाल्ट्ज ने नेशनल गार्ड में कर्नल के रूप में भी काम किया है, उन्होंने एशिया प्रशांत क्षेत्र में चीनी गतिविधियों की आलोचना की है, और इस क्षेत्र में संभावित संघर्ष के लिए अमेरिका को तैयार रहने की आवश्यकता पर जोर दिया है। अमेरिका की वैदेशिक नीति के प्रतिनिधित्व में चीन का विरोध दिखाई पड़ रहा है। मतलब साफ है चीन और अमेरिका के बीच प्रतिद्वंद्विता बढ़ेगी तो दोनों देशों के बीच तनाव भी बढ़ेगा। चीन हांगकांग पर प्रतिक्रिया को लेकर रूबियो से पहले ही चिढ़ा हुआ है, और उन पर कई प्रतिबंध लगा चुका है।

ट्रंप ने लाखों अप्रवासियों को लक्षित करते हुए अब तक का सबसे व्यापक निर्वासन प्रयास शुरू करने की कसम खाई है। अप्रवासन को रोकने के लिए वे किसी भी हद तक जाने की बात कह चूके हैं। लिहाजा, उन्होंने यह जिम्मा क्रिस्टी नोएम को सौंपा है। ट्रंप ने नोएम को अगले गृह सुरक्षा सचिव के रूप में चुना है, वे होमलैंड सुरक्षा विभाग, सीमा सुरक्षा और आव्रजन से लेकर आपदा प्रतिक्रिया और अमेरिकी सीक्रेट सर्विस तक हर चीज के लिए जिम्मेदार हैं। होमन देश की सीमाओं के भी प्रभारी होंगे। होमन अवैध आप्रवासियों को वापस भेजने को लेकर दृढ़ हैं। अप्रवासन को लेकर अमेरिका की कड़ी नीतियों से उसके संबंध लैटिन अमेरिका, मध्य एशिया और भारत से खराब हो सकते हैं। इसका असर अमेरिकी अर्थव्यवस्था और रणनीतिक भागीदारियों पर भी पड़ सकता है। सीआईए प्रमुख के रूप में पूर्व अमेरिकी जासूस जॉन रैटिक्लफ ट्रंप की पसंद हैं। वे ट्रंप के वफादार समर्थक रहे हैं, और उन्हें खुफिया और राष्ट्रीय सुरक्षा पर उनके काम के लिए जाना जाता है। रैटिक्लफ ने खुफिय मामलों पर ट्रंप के शीर्ष सलाहकार के रूप में काम किया है, और ट्रंप के एजेंडे को बढ़ाने में भूमिका निभाई है। रैटिक्लफ ने अमेरिकी चुनावों में विदेशी हस्तक्षेप के प्रयासों को उजागर किया है तथा वे ईरान, चीन और रूस के मुखर आलोचक माने जाते हैं। अमेरिका और यूरोप के बीच बढ़तीं दूरियां, रूस-यूक्रेन युद्ध और मध्यपूर्व में अमेरिकी सैन्य अड्डों पर हमलों की आशंकाओं के बीच रैटिक्लफ अमेरिकी खुफिया परिदृश्य को आकार देने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## तस्वीरों की दुनिया



वरिष्ठ भाजपा नेता और सांसद रविशंकर प्रसाद पटना में एक लाभार्थी को आयुष्मान कार्ड वितरित करते हुए।



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना में डॉ. बीआर अंबेडकर की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की, जिसे महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाया गया।



दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और पार्टी सांसद बांसुरी स्वराज ने नई दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया।




कांग्रेस नेता दीपेंद्र हुड्डा और पार्टी के अन्य नेताओं ने नई दिल्ली में संसद भवन में शीतकालीन सत्र के दौरान किसानों को एमएसपी की कानूनी गारंटी देने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया।



जानवरों के प्रति क्रुरता के लिए दंड बढ़ाने की वकालत करने के लिए जानवरों के मुखौटे पहने हुए पीपुल फॉर द एथिकल ट्रीटमेंट ऑफ एनिमल्स (पेटा) इंडिया और आश्रय फाउंडेशन के समर्थक नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर पशुओं के प्रति क्रुरता के लिए दंड बढ़ाने की वकालत करने के लिए क्रूरता के लिए कठोर दंड लिखे हुए।



नई दिल्ली में 18वीं लोकसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान संसद भवन में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और पार्टी सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा।

# ईडी पर भड़का सुप्रीम कोर्ट, पूर्व IAS अनिल टुटेजा की गिरफ्तारी के तरीके पर उठाए सवाल, कहा- यह अक्षम्य प्रथाएं हैं



**नईदिल्ली, 07 दिसम्बर [एजेंसी]।**

छत्तीसगढ़ शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशाल द्वारा पूर्व आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा को गिरफ्तार करने के तरीके पर सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को सवाल उठाया और इसे परेशान करने वाली चीज कहा। कोर्ट ने नोट किया कि टुटेजा को एक के बाद एक लगातार नोटिस पूछताछ के लिए भेजे गए और उससे रात भर पूछताछ की गई फिर सुबह चार बजे गिरफ्तार दिखाया गया। अदालत ने कहा कि इस तरह का चलन गलत है। ईडी की ओर से पेश एडिशनल सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) ने कहा कि ऐसी चीजों को रोकने के लिए उपाय किए जा रहे हैं। उन्होंने 29 अक्टूबर 2024 को जारी ईडी की प्रेस रिलीज का हवाला दिया। इसमें गिरफ्तारी और पूछताछ के बारे में निर्देश जारी किए गए थे। ये टिप्पणियां न्यायमूर्ति अभय एस ओक और जस्टिस अगस्टिन जार्ज मसीह की पीठ ने छत्तीसगढ़ शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी अनिल टुटेजा की याचिका पर सुनवाई के दौरान शुक्रवार को कीं। कोर्ट ने बाद में जमानत अर्जी दाखिल करने की छूट देते हुए टुटेजा को विशेष अनुमति याचिका वापस लेने की इजाजत दे दी। गत अक्टूबर में भी सुनवाई के दौरान कोर्ट ने टुटेजा की गिरफ्तारी के तरीके पर ईडी की खिंचाई की थी। कोर्ट ने कहा कि हमें एक परेशान करने वाली बात दर्ज करनी चाहिए। याचिकाकर्ता (अनिल टुटेजा) 20 अप्रैल 2024 को शाम करीब 4.30 बजे रायपुर में एसीबी कार्यालय में बैठा था। सबसे पहले उसे रात 12 बजे ईडी के सामने पेश होने का समन भेजा गया। जब वह एसीबी कार्यालय में था तब उसे एक और समन भेजा गया। इसमें शाम 5.30 बजे ईडी के समक्ष पेश होने को कहा गया। इसके बाद उसे वैन में ईडी कार्यालय ले जाया गया। ईडी ने उससे सारी रात पूछताछ की और सुबह चार बजे उसे गिरफ्तार दिखाया गया। पीठ ने समन जारी करने और रातभर पूछताछ करने में ईडी द्वारा दिखाई गई तत्परता पर सवाल उठाया और कहा कि इस तरह की प्रथाएं अक्षम्य हैं। कोर्ट की टिप्पणियों पर ईडी की ओर से पेश एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि इस तरह की प्रथाओं को रोकने के लिए उपाय किए जा रहे हैं। एएसजी ने इस संबंध में ईडी द्वारा 29 अक्टूबर 2024 को जारी प्रेस रिलीज का हवाला दिया। इसमें गिरफ्तारी और पूछताछ के बारे में निर्देश जारी किए गए थे। रिलीज में बाम्बे हाई कोर्ट के राम कोटूमल इसरानी के मामले में 15 अप्रैल 2024 को दिए आदेश का हवाला दिया गया था। हालांकि टुटेजा की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका वापस लेने की इजाजत मांगी। उन्होंने कहा कि वह जमानत अर्जी दाखिल करेंगे। कोर्ट ने छूट देते हुए याचिका वापस लेने की इजाजत दे दी।

## भारत की पाकिस्तान को दो टूक, मसूद अजहर के खिलाफ कठोर कार्रवाई करे, नहीं तो...

**नईदिल्ली, 07 दिसम्बर [एजेंसी]।**

भारत ने पाकिस्तान से जैश-ए-मोहम्मद के सरगना मसूद अजहर के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने की मांग की है। हाल ही में ऐसी रिपोर्टें सामने आई हैं कि अजहर ने पाकिस्तान के बहावलपुर में एक सभा की और भाषण दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साप्ताहिक प्रेस कान्फ्रेंस में कहा कि हम उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग करते हैं। उसे न्याय के कठघरे में लाया जाना चाहिए। इस बात से इनकार किया जाता रहा है कि वह पाकिस्तान में नहीं है। अगर रिपोर्टें सही हैं तो यह पाकिस्तान के दोगलेपन को उजागर करती हैं।

मसूद अजहर भारत पर सीमापार आतंकवाद में शामिल है। रिपोर्टों के मुताबिक, दो दशक से अधिक समय बाद मसूद अजहर ने पहली बार किसी सभा को संबोधित किया। संभवतः उसने यह सभा पिछले महीने के आखिर में की। इसमें उसने लोगों से जैश में शामिल होने का आह्वान किया जिसे उसने खिलाफत की बहाली के लिए लंबी लड़ाई करार दिया। इसमें उसने यह कहा था कि भारत तेरी मौत आ रही है।

# मलयालम एक्टर सिद्दीकी को दुष्कर्म मामले में मिली बेल, कोर्ट ने इन शर्तों पर दी जमानत



**नईदिल्ली, 07 दिसम्बर [एजेंसी]।**

मलयालम अभिनेता सिद्दीकी को यौन उत्पीड़न मामले में गिरफ्तार किया गया है। उन्हें शुक्रवार, 6 दिसंबर को गिरफ्तार किया गया और जल्द ही उन्हें अदालत में पेश किया जाएगा। चूंकि सिद्दीकी को पहले ही सुप्रीम कोर्ट से अग्रिम जमानत मिल चुकी है, इसलिए उनके जल्द ही रिहा होने की संभावना है। जमानत की शर्तों में एक लाख रुपये का बॉन्ड और सॉल्वेंट जमानत शामिल है, और उन्हें राज्य से बाहर जाने की अनुमति नहीं है। इस साल अगस्त में सिद्दीकी के खिलाफ बलात्कार का मामला दर्ज किया गया था, जब एक महिला अभिनेता ने आरोप लगाया था कि उन्होंने 2016 में उसका यौन उत्पीड़न किया था। उनके खिलाफ धारा 376 (बलात्कार) और 506 (आपराधिक धमकी) के तहत एफआईआर दर्ज की गई थी। आरोपों के बाद सिद्दीकी ने एसोसिएशन ऑफ मलयालम मूवी आर्टिस्ट्स के महासचिव के पद से भी इस्तीफा दे दिया था। मलयालम सिनेमा से हेमा कमेटी रिपोर्ट के तहत कई खुलासे जब सामने आए, तो इंडस्ट्री के नामी एक्टर, प्रोड्यूसर और डायरेक्टर तक निशाने पर आ गए। इसी कमेटी के तहत सिद्दीकी के खिलाफ एक एक्ट्रेस ने आरोप लगाया था कि जनवरी 2016 में मस्कट होटल में उन्होंने एक एक्ट्रेस का यौन शोषण किया था। जब सिद्दीकी ने उन पर लगे आरोप को नकार दिया, तब पीड़ित एक्ट्रेस ने पब्लिक में आकर कहा था, मैंने बस प्लस टू कम्प्लीट ही किया था, जब सोशल मीडिया के जरिये उन्होंने मुझे कॉन्टैक्ट किया। मुझे लगा वह फेक अकाउंट है, लेकिन बाद में पता चला कि वह उनका रियल अकाउंट है। उनकी फिल्म सुखामायीरिक्त्ते का प्रीव्यू शो खत्म हुआ था, तब उन्होंने मस्कट होटल में डिस्कशन के लिए बुलाया था। जिस वक्त की यह बात है, तब मैं 21 साल की थी।

## पाकिस्तान ने भगत सिंह का किया अपमान भारत ने इस्लामाबाद की लगा दी क्लास

**नई दिल्ली।** शहीद भगत सिंह के खिलाफ पाकिस्तान में आपत्तिजनक टिप्पणियों के मामले पर भारत ने चिंता जाहिर की। वहीं, भारत ने इस मुद्दे पर पाकिस्तान के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज किया है। सरकार की ओर से शुक्रवार को लोकसभा में यह जानकारी दी गई। विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने कहा कि भारत पड़ोसी देश में 'सांस्कृतिक विरासत पर हमलों, बढ़ती असहिष्णुता और अल्पसंख्यक समुदायों के प्रति सम्मान की कमी' से संबंधित मुद्दे उठाता रहा है। उन्होंने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा, ''भारत सरकार ने पाकिस्तान में शहीद भगत सिंह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियों के बारे में हाल में सामने आई खबरों पर गौर किया है और राजनयिक चैनलों के माध्यम से इस घटना पर पाकिस्तान सरकार के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया है। ।''मंत्री ने जानकारी दी कि किस्तान की पंजाब सरकार के महाधिवक्ता असगर लेघारी ने पिछले महीने लाहौर उच्च न्यायालय में एक सुनवाई के दौरान कथित तौर पर भगत सिंह के खिलाफ कुछ आपत्तिजनक टिप्पणियां की थीं।

# देश से आतंकियों के इकोसिस्टम का होगा खात्मा, अमित शाह ने बनाया सॉलिड प्लान



**नईदिल्ली, 07 दिसम्बर [एजेंसी]।**

नई आतंकवाद रोधी नीति के तहत सभी राज्यों में विशेष प्रशिक्षित आतंकवाद रोधी दस्ता तैनात किया जाएगा। इसके अलावा सभी राज्यों में युवाओं को कट्टरपंथी बनने से रोकने के लिए विशेष यूनिट भी बनाई जाएगी। गृह मंत्रालय नई आतंकवाद रोधी नीति को अंतिम रूप में देने में जुटा है। पिछले महीने आतंकवाद रोधी सम्मेलन को संबोधित करते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने जल्द ही नई आतंकवाद रोधी नीति लाने का एलान किया था। एनआइए द्वारा आयोजित इस सम्मेलन में सभी राज्यों के पुलिस महानिदेशकों समेत आतंकवाद रोधी एजेंसियों के प्रमुख मौजूद थे।गृह मंत्रालय के उच्च पदस्थ सूत्रों ने बताया कि फिलहाल 18 राज्यों में आतंकवाद रोधी दस्ता (एटीएस) या स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) का गठन किया गया है, जो पूरी तरह से आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई के लिए समर्पित है।नई आतंकवाद रोधी नीति में सभी राज्यों में इस तरह से विशेष प्रशिक्षत दस्ते की तैनाती का प्रविधान किया जाएगा। इसमें इस विशेष प्रशिक्षत दस्तों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने का भी प्रयास किया जा रहा है। इसके तहत इन विशेष दस्तों को एनएसजी द्वारा अनुमोदित हथियारों से लैस किया जाएगा और एनएसजी द्वारा उन्हें प्रशिक्षत किया जाएगा।सभी राज्यों में इन दस्तों के गठन के बाद वे पूरे भारत में एक आतंकवाद रोधी ग्रिड के रूप में काम करेंगे। नई आतंकवाद रोधी नीति में सिर्फ आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई ही नहीं, बल्कि उनके पूरे इकोसिस्टम से निपटने का प्रविधान भी किया जा रहा है। इसके तहत सभी राज्यों में युवाओं को कट्टरपंथी बनने से रोकने के लिए विशेष यूनिट भी बनाई जाएगी।

इस यूनिट का काम कट्टरपंथ फैलाने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने के साथ ही उनके बहकावे में आए युवाओं को वापस मुख्यधारा में जोड़ना भी होगा। इसी तरह से आतंकी फंडिंग रोकने के लिए सभी राज्यों में विशेष फाइनेंशियल इंटेलीजेंस यूनिट भी गठित की जाएगी, जिसका काम आतंकी फंडिंग से जुड़े लेन-देन की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई करना होगा।

## कर्नाटक में भीषण हादसा: गन्ना काटने वाली मशीन से भिड़ी कार, पांच की मौत से हड़कंप

**बीजापुर।** कर्नाटक के बीजापुर में बड़ा हादसा हुआ है। यहां के तालिकोटी तालुक के




बिलेभवी क्रॉस के पास सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत की खबर है। सभी लोग कार में सवार थे। तभी उनकी टक्कर गन्ना काटने वाली मशीन से हो गई। जानकारी के मुताबिक सभी यादगीर से लौट रहे थे। रास्ते में एक गन्ना कटाई मशीन अचानक सामने आ गई। भीषण टक्कर में कार के परखच्चे उड़ गए। सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए बागेवाड़ी सरकारी अस्पताल भेजा गया है।

# पीएम मोदी ने किया अष्टलक्ष्मी महोत्सव का शुभारंभ, कहा- पिछली सरकारों ने नहीं दिया पूर्वोत्तर के विकास पर ध्यान

**नईदिल्ली, 07 दिसम्बर [एजेंसी]।**



पिछली सरकारों ने विकास की बजाय वोट को तवज्जो दी और यही कारण है कि पूर्वोत्तर की कम जनसंख्या के चलते इन राज्यों के विकास से समझौता किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को भारत मंडपम में आयोजित पूर्वोत्तर की जीवंतता सामने लाने वाले अष्टलक्ष्मी महोत्सव का शुभारंभ करते हुए यह बात कही।पीएम ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी पहले ऐसे प्रधानमंत्री थे, जिन्होंने पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए एक समर्पित मंत्रालय का गठन किया और इसके विकास के लिए हर मंत्रालय का 20 प्रतिशत बजट निर्धारित किया। पिछले दशक में हमने पूर्वोत्तर के विकास की शानदार यात्रा देखी, लेकिन यह आसान नहीं थी।

पीएम मोदी ने कहा कि हमने पूर्वोत्तर राज्यों को भारत की विकास गाथा से जोड़ने के लिए हर संभव कदम उठाए। उन्होंने आगे कहा कि लंबे समय तक हमने देखा कि कैसे विकास को वोट से तौला गया। पूर्वोत्तर राज्यों के पास कम वोट और कम सीटें थीं, इसलिए पिछली सरकारों ने क्षेत्र के विकास पर ध्यान नहीं दिया। पूरा यकीन है कि आने वाला समय पूर्वी भारत और पूर्वोत्तर का है। मुंबई, हैदराबाद, चेन्नई और बेंगलुरु की तरह गुवाहाटी, शिलांग, इंफाल, ईटानगर और आइजवाल इस क्षेत्र के विकास के नए स्तंभ होंगे। पहली बार आयोजित किया जा रहा अष्टलक्ष्मी महोत्सव 6 से 8 दिसंबर तक चलेगा। इसमें असम, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, मणिपुर, नगालैंड, मिजोरम, त्रिपुरा और सिक्किम समेत पूर्वोत्तर के आठ राज्यों की सुंदरता, विविधता, सांस्कृतिक विरासत, हस्तशिल्प को बेहतरीन ढंग से प्रदर्शित कर इस क्षेत्र की क्षमता सामने लाने का प्रयास किया गया है। पीएम मोदी ने कहा कि हमारी परंपरा में मां लक्ष्मी को सुख, अरोग्य और समृद्धि की देवी कहा जाता है। जब भी लक्ष्मी जी की पूजा होती है तो हम उनके आठ रूपों को पूजते हैं। ठीक इसी तरह भारत के पूर्वोत्तर में आठ राज्यों की अष्टलक्ष्मी विराजमान है। पूर्वोत्तर के इन आठों राज्यों में अष्टलक्ष्मी के दर्शन होते हैं।

# हरियाणा से दिल्ली का सफर और होगा आसान, केंद्रीय और नवोदय विद्यालय पर भी सरकार ने लिया बड़ा फैसला

**नईदिल्ली, 07 दिसम्बर [एजेंसी]।**



केंद्रीय मंत्रिमंडल ने देश के वंचित जिलों में 85 केंद्रीय विद्यालय और 28 नए नवोदय विद्यालय स्थापित करने को मंजूरी दी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, नई शिक्षा नीति को लागू करने के लिए पीएम श्री लाया गया - सभी केंद्रीय विद्यालयों और नवोदय विद्यालयों को पीएम श्री स्कूल के रूप में नामित किया गया ताकि उन्हें अन्य स्कूलों के लिए एक मॉडल बनाया जा सके। इन नए केंद्रीय विद्यालयों के खुलने से देश भर में 82,000 से अधिक छात्रों को सस्ती और उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

2025-26 तक आठ वर्षों की अवधि में 85 नए केंद्रीय विद्यालयों की स्थापना और एक मौजूदा केंद्रीय विद्यालय के विस्तार के लिए धन की कुल अनुमानित आवश्यकता 5,872.08 करोड़ रुपये है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि फिलहाल, 1,256 कार्यात्मक केंद्रीय विद्यालय हैं, जिनमें तीन विदेश - मॉस्को, काठमांडू और तेहरान शामिल हैं और 13.56 लाख छात्र इन स्कूलों में पढ़ रहे हैं।अश्विनी वैष्णव ने आगे जानकारी दी कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय राजधानी और हरियाणा के बीच संपर्क बढ़ाने के लिए दिल्ली मेट्रो के चौथे चरण, लगभग 26 किलोमीटर लंबे रिठाला-नरेला-कुंडली कॉरिडोर को मंजूरी भी दे दी है।

पूरे खंड में 21 स्टेशन होंगे। कैबिनेट के फैसले की जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि यह परियोजना मंजूरी की तारीख से चार साल में पूरी होने वाली है। इसके साथ दिल्ली मेट्रो दुनिया के तीन सबसे बड़े मेट्रो नेटवर्क में से एक बन जाएगी। इस परियोजना को पूरा करने में 6,230 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। यह कारिडोर दिल्ली मेट्रो का हरियाणा में चौथा विस्तार होगा। दिल्ली मेट्रो वर्तमान में हरियाणा के गुरुग्राम, बल्लभगढ़ और बहादुरगढ़ तक जाती है।

## अगस्ता वेस्टलैंड घोटाले और सिख विरोधी दंगों पर बड़ी खबर



**नईदिल्ली, 07 दिसम्बर [एजेंसी]।**

लगभग 3,600 करोड़ रुपये के अगस्ता वेस्टलैंड वीवीआईपी हेलीकॉप्टर घोटाले में कथित बिचौलिये क्रिश्चियन मिशेल जेम्स की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को सीबीआई से जवाब तलब किया है। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस पीबी वराले की पीठ ने सीबीआई को नोटिस जारी किया और चार हफ्ते में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। यह घोटाला अगस्ता वेस्टलैंड से 12 वीवीआईपी हेलीकॉप्टरों की खरीद से जुड़ा है। दिल्ली हाई कोर्ट ने 25 सितंबर को क्रिश्चियन को जमानत देने से इन्कार कर दिया था और उसने इस आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। ब्रिटिश नागरिक क्रिश्चियन को दिसंबर 2018 में दुबई से प्रत्यर्पित कर लाया गया था। वह इस मामले के तीन बिचौलियों में से एक है। दो अन्य के नाम गुइडो हश्के और कार्लो गेरोसा हैं। सीबीआई ने अपनी चार्जशीट में आरोप लगाया है कि 8 फरवरी 2010 को हस्ताक्षरित सौदे की वजह से राजकोष को 398.21 मिलियन यूरो (करीब 2,666 करोड़ रुपये) का नुकसान हुआ था। सौदे के तहत 556.26 मिलियन यूरो की लागत से 12 वीवीआईपी हेलीकॉप्टरों की आपूर्ति की जानी थी। सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को सिख विरोधी दंगों के मामले में भी सुनवाई हुई। अदालत ने सीबीआई से 1984 के सिख विरोधी दंगों के मामले में सजा के निलंबन की मांग करने वाली बलवान खोखर की याचिका पर जवाब दाखिल करने को कहा है। जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस राजेश बिंदल की पीठ ने खोखर की याचिका पर सुनवाई करते हुए ये आदेश दिया। अधिवक्ता राकेश दहिया के माध्यम से दायर अपनी याचिका में खोखर ने सुप्रीम कोर्ट को अवगत कराया कि आवेदक के फरलो के आवेदन पर शीघ्रता से विचार करने के शीर्ष अदालत के निर्देश के बावजूद जेल अधिकारियों ने आवेदन को 26 सितंबर 2024 को खारिज कर दिया।

# किसानों की बल्ले-बल्ले, अब PI से सीधे मिलेगा लाखों का लोन, कुछ गिरवी भी नहीं रखना होगा

**नईदिल्ली, 07 दिसम्बर [एजेंसी]।**

महंगाई और कृषि लागत में हो रही बढ़ोतरी को देखते हुए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने छोटे किसानों को बिना गिरवी के दिए जाने वाले लोन की सीमा बढ़ाने का फैसला किया है। शुक्रवार को आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि अब छोटे किसान बिना किसी गिरवी के दो लाख रुपये तक का लोन ले सकेंगे। अभी यह सीमा 1.6 लाख है। नए साल से सभी बैंकों को आरबीआई का यह निर्देश मानना होगा। अब स्माल फाइनेंस बैंक (एसएफबी) यूपीआई के माध्यम से लोन दे सकेंगे। इसका फायदा यह होगा कि गांवों में भी यूपीआई से ग्रामीणों को आसानी से लोन मिल सकेगा। एसएफबी की पहुंच गांवों में अधिक है। एसएफबी के पास अभी यह सुविधा नहीं थी। आरबीआई के मुताबिक वर्ष 2019 से किसानों के लिए बिना गिरवी वाले लोन की सीमा 1.6 लाख रुपये थी। उससे पहले यह सीमा एक लाख रुपये थी।करोड़ों किसानों के लाभ से जुड़े आरबीआई का यह फैसला इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि चालू वित्त वर्ष में जीडीपी विकास दर में मजबूती के लिए कृषि का प्रदर्शन हर हाल में बेहतर होना चाहिए। चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में कृषि सेक्टर में 3.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी रही जबकि मैन्यूफैक्चरिंग की विकास दर दो प्रतिशत रही। अच्छी फसल पर ही ग्रामीण मांग निर्भर करती है और ग्रामीण मांग में तेजी से ही तीसरी और चौथी तिमाही में जीडीपी में मजबूती की उम्मीद की जा सकती है।

आरबीआई गवर्नर ने कहा कि डिजिटल और साइबर फ्रॉड को रोकने के लिए रिजर्व बैंक अन्य बैंकों के साथ मिलकर लगातार प्रयास कर रहा है। इस दिशा में ही म्यूल अकाउंट का पता लगाने के लिए एआई का इस्तेमाल शुरू किया गया है। दास ने कहा साइबर फ्रॉड के लिए म्यूल अकाउंट का इस्तेमाल किया जाता है।

# अब हिंदुओं पर और अत्याचार नहीं! 9 दिसंबर को बांग्लादेश जाएंगे विदेश सचिव

**नईदिल्ली, 07 दिसम्बर [एजेंसी]।**




बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार बनने के बाद भारत और बांग्लादेश के बीच रिश्तों में काफी खटास आ चुकी है। पड़ोसी मुल्क में आए दिन हिंदू समुदाय के लोगों पर हमले हो रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी से लेकर दुनिया के कई नेताओं ने इस बात पर चिंता जाहिर की है। इसी बीच बांग्लादेश और भारत के बीच निर्धारित विदेश सचिव स्तरीय वार्ता 9 या 10 दिसंबर को ढाका में आयोजित किया गया है।विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने जानकारी दी है कि विदेश सचिव विक्रम मिस्री का 9 दिसंबर को बांग्लादेश का दौरा करने का कार्य्रम है और वह अपने समकक्ष से मुलाकात करेंगे और यात्रा के दौरान कई अन्य बैठकें होंगी। विदेश सचिव के नेतृत्व में विदेश कार्यालय परामर्श एक संरचित जुड़ाव है। दोनों देशों के लिए यह बैठक काफी महत्वपूर्ण साबित होने वाली है।बांग्लादेश ने हिंदू अल्पसंख्यकों पर हमलों को लेकर कोलकाता में हो रहे विरोध प्रदर्शनों के बीच कोलकाता में तैनात अपने कार्यवाहक उप उच्चायुक्त सिकंदर मोहम्मद अशरफुर रहमान को परामर्श के लिए तत्काल बुलाया है। रहमान बांग्लादेश के राजनीतिक मामलों के मंत्री भी हैं और वह ढाका लौट गए हैं। कोलकाता में बांग्लादेश के उप उच्चायोग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि कोलकाता में हमारे कार्यालय के बाहर जारी विरोध प्रदर्शनों के बाद अशरफुर रहमान को बातचीत के लिए तत्काल बुलाया गया है। इसके अलावा वह अगले सप्ताह दोनों देशों के बीच होने वाली विदेश सचिव स्तर की वार्ता के दौरान प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा होंगे। वह इस महीने के मध्य तक वापस आ जाएंगे। राजनीतिक दलों और धार्मिक समूहों ने बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों के विरुद्ध अत्याचारों की निंदा करते हुए कोलकाता स्थित उप उच्चायोग के सामने पिछले सप्ताह कई विरोध प्रदर्शन किए। संबंधित घटनाक्रम के तहत त्रिपुरा की राजधानी अगरतला स्थित बांग्लादेश सहायक उच्चायोग ने सुरक्षा कारणों से अपनी सभी सेवाएं अगले आदेश तक स्थगित कर दी हैं।

बांग्लादेश ने यह घोषणा उसके देश में हिंदू भिक्षु चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी का विरोध कर रहे लोगों के एक समूह द्वारा अगरतला स्थित सहायक उच्चायोग में सोमवार को जबरन घुसने की घटना के बाद की। बढ़ते तनाव के बीच बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने अगरतला स्थित सहायक उच्चायोग में हुई तोड़फोड़ को लेकर अपना विरोध दर्ज कराने के लिए ढाका में भारत के उच्चायुक्त को तलब किया था। सनद रहे कि भारत और बांग्लादेश के रिश्ते पूर्व पीएम हसीना को सत्ता से हटाने के बाद से ही तनाव से भरे हुए हैं। नोबल पुरस्कार विजेता प्रोफेसर मोहम्मद युनूस की अध्यक्षता वाली सरकार का रवैया पूरी तरह से भारत विरोधी है। लगातार ऐसे फैसले किये जा रहे हैं जो भारत के हितों को नुकसान पहुंचाने वाले हैं। साथ ही अल्पसंख्यक हिंदुओं पर भी लगातार हमला हो रहा है और उसे सरकारी एजेंसियां गंभीरता से नहीं ले रही। युनूस सरकार जिस तरह से पाकिस्तान के साथ अपने संबंधों पर जोर दे रही है वह भी भारत के लिए चिंता का कारण है।



## सोफी चौधरी ने बोल्डनेस से इंटरनेट पर बरपाया कहर, एक्ट्रेस की हॉटनेस देख यूजर्स ने दिए जबरदस्त रिएक्शंस

बॉलीवुड एक्ट्रेस और सिंगर सोफी चौधरी आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने कई गानों के लिए प्लेबैक सिंगिंग भी की है। उनका नाम बेहतरीन मॉडल की लिस्ट में भी शामिल है। एक्ट्रेस भले ही 35 साल की हो चुकी हैं, लेकिन आए दिन अपनी हॉटनेस और बोल्डनेस से इंटरनेट का पारा बढ़ा देती हैं। हाल ही में उनकी लेटेस्ट फोटोशूट की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं, जिसमें उनकी अदाएं देखकर फैंस मदहोश हो गए हैं।

बॉलीवुड एक्ट्रेस सोफी चौधरी ने अपने करियर की शुरुआत साल 2000 में पोप सिंगर के तौर पर की थी। अब उनका नाम फिल्मी दुनिया की जानी-मानी अभिनेत्रियों की लिस्ट में शामिल है।

हाल ही में एक्ट्रेस सोफी चौधरी ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन फोटोज में उनका स्टनिंग अंदाज देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं।

फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस सोफी चौधरी ने गोल्डन कलर का रिवीलिंग गाउन पहना हुआ है, जिसमें वो कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक पोज देते हुए अपना परफेक्ट फिगर फ्लॉन्ट करती हुई नजर आ रही हैं।

बालों को ओपन कर के और साथ ही लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस सोफी चौधरी ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।

बता दें कि एक्ट्रेस सोफी चौधरी जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनके हर एक लुक पर जमकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हैं। हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है।

एक यूजर ने कॉमेंट करते हुए लिखा है- गॉर्जियस। दूसरे यूजर ने लिखा है- ब्यूटिफुल। वहीं, तीसरे यूजर ने लिखा है लवली। ऐसे ही एक के बाद यूजर्स हार्ट और फायर इमोजी भेजते हुए अपनी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं।

# पॉल्यूशन फ्री है चंडीगढ़ के आसपास मौजूद ये खूबसूरत जगहें



देश की राजधानी दिल्ली से लेकर पंजाब, हरियाणा आदि शहरों में पॉल्यूशन इस कदर बढ़ गया है कि लोगों को इससे परेशानी होने लगी है। इन शहरों के साथ ही चंडीगढ़ में बढ़ते प्रदूषण के चलते कई लोग शुद्ध हवा के लिए हिल स्टेशन का रुख कर रहे हैं। ऐसे में अगर आपके शहर में भी पॉल्यूशन बहुत बढ़ गया है और आप शुद्ध व शांत वातावरण में सांस लेना चाहते हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। क्योंकि आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको चंडीगढ़ के आसपास कुछ ऐसी जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आप वीकेंड में घूमने के लिए जा सकते हैं। यहां का शांत और शुद्ध वातावरण आपको अपना दीवाना बना लेगा।

सोलन

चंडीगढ़ के आसपास शानदार और मनमोहक जगह घूमने की बात होती है, तो सबसे पहले सोलन का नाम लिया जाता है। यह जगह अपनी खूबसूरती के साथ-साथ शुद्ध हवाओं के लिए भी जाना जाता है। यहां पर आप ठंडी और शुद्ध हवा में सुकून के पल बिता सकते हैं।

हिमाचल प्रदेश की हसीन वादियों में मौजूद सोलन नेचर लवर्स के लिए जन्नत माना जाता है। यहां पर बड़े-बड़े देवदार के पेड़, ऊंचे-ऊंचे पहाड़ और झील-झरने इस जगह की खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करते हैं। सोलन में आप ट्रेकिंग, हाईकिंग और कैंपिग का भी लुत्फ उठा सकते हैं। चंडीगढ़ से यह जगह करीब 68 किमी दूर है।

कसौली

हिमाचल प्रदेश में समुद्र तय से करीब 2 हजार मीटर की ऊंचाई पर कसौली स्थित है। यह एक बेहद खूबसूरत और मनमोहक हिल स्टेशन है। कसौली की हसीन वादियों में चंडीगढ़ से कई लोग परिवार के साथ पिकनिक मनाने के लिए पहुंचते हैं।

कसौली हिल स्टेशन खूबसूरती के अलावा शुद्ध हवाओं के लिए भी जाना जाता है। यहां का शुद्ध और शांत वातावरण अपने आप में सुकून देने वाला है। कसौली की शुद्ध और ठंडी हवाओं में घूमने के बाद आप यकीनन अपने शहर को भूल जाएंगे। यहां पर आप स्नो व्यू पॉइंट, लवर्स लेन ट्रेल और मंकी पॉइंट जैसी शानदार जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

नालागढ़

हिमाचल प्रदेश की हसीन वादियों में स्थिति नालागढ़ एक मनमोहक हिल स्टेशन है। यह हिमाचल प्रदेश का छिपा हुआ खजाना माना जाता है। यहां पर न सिर्फ चंडीगढ़ से ही बल्कि अमृतसर, लुधियाना, पटियाला और जालंधर से भी लोग घूमने के लिए आते हैं।

नालागढ़ में बड़े-बड़े देवदार के पेड़, झील-झरने और ऊंचे-ऊंचे पहाड़ इस जगह की खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करते हैं। यह जगह अपने शांत और शुद्ध वातावरण के लिए जानी जाती है। यहां पर एडवेंचर एक्टिविटी करने के साथ ही सुकून के दो पल भी बिता सकते हैं। चंडीगढ़ ने नाहागढ़ की दूरी करीब 64 किमी है।

नाहन

अगर आप भी चंडीगढ़ के पॉल्यूशन और भीड़-भाड़ से दूर किसी शांत और शानदार जगह पर सुकून के कुछ पल बिताना चाहते हैं। तो आपको एक बार नाहन जरूर जाना चाहिए। यह हिमाचल प्रदेश का छिपा हुआ बेहद खूबसूरत हिल स्टेशन है।

समुद्र तल से करीब 1 हजार मीटर की ऊंचाई पर मौजूद नाहन में आपको जरा भी पॉल्यूशन नहीं मिलेगा। यहां का वातावरण इतना अधिक शुद्ध मिलेगा और दूर-दूर तक फ्रेश और स्पष्ट दिखाई देगा। यहां पर आप रेणुका झील, हब्बान वैली और मिनी चिड़ियाघर जैसी बेहतरीन जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

इन जगहों को एक्सप्लोर करें

बता दें कि चंडीगढ़ के आसपास अन्य कई बेहतरीन और शानदार जगहें हैं, जो पॉल्यूशन फ्री हैं।

यहां पर आप वीकेंड में घूमने के लिए आ सकते हैं। आप चंडीगढ़ से करीब 106 किमी दूर चैल, 126 किमी दूर स्थित कुफरी और 110 किमी दूर स्थिति शिमला घूमने के लिए पहुंच सकते हैं। यहां पर आप 5प्रतिशत भी पॉल्यूशन नहीं मिलेगा।

# सेब नहीं, अमरूद को सर्दियों में रोजाना खाएं, इन बीमारियों से रहेंगे दूर



सर्दियों के मौसम में रोजाना फल का सेवन करना सेहत के लिए बेहद फायदेमंद माना जाता है. हेल्थ एक्सपर्ट भी नियमित फल खाने की सलाह देते हैं. लेकिन क्या आप जानते हैं कि एक फल ऐसा है जिसको सर्दियों में रोज खाने से बीमारियों दूर रहती हैं. इस फल का स्वाद बेहद लाजवाब होता है. जिसका नाम अमरूद है. अन्य फलों के मुताबिक अमरूद में कई गुना अधिक प्रोटीन और फाइबर होता है, जो स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद होता है. हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक, सर्दियों के मौसम में अमरूद खाने से पाचन तंत्र तो स्वस्थ रहता ही है साथ ही इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट और विटामिन सी शरीर को रोग प्रतिरोधक क्षमता प्रदान करते हैं. आइए जानते हैं कि सर्दियों मौसम में अमरूद खाने से सेहत के फायदों के बारे में...

सर्दियों मौसम में अमरूद खाने अनगिनत फायदे-

ब्लड प्रेशर को कंट्रोल रखता है

हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक, सर्दियों के मौसम में अमरूद खाना सेहत के लिए काफी फायदेमंद होता है. इसमें एंटीऑक्सीडेंट और पॉलीफेनोल्स प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं, जो रक्त की मात्रा को कम करने में मदद करते हैं. जो मूत्र में तरल पदार्थ को कम करता है और इससे ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने में भी मदद करता है.

कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल रखता है

सर्दियों के मौसम में अमरूद खाना सेहत के लिए बेहद फायदेमंद होता है. अमरूद में विटामिन सी भरपूर मात्रा में होता है. अमरूद में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट के कारण यह एचडीएल कोलेस्ट्रॉल के अच्छे स्तर को बनाए रखता है. जो कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल रखता है.

त्वचा के लिए फायदेमंद

सर्दियों में गुलाबी या लाल अमरूद खाना स्किन के लिए बेहद फायदेमंद होता है क्योंकि अमरूद में लाइकोपीन भरपूर मात्रा में होता है, जो त्वचा को सूरज की पराबैंगनी किरणों से होने वाले नुकसान से बचाने में रक्षा करता है.

## परम सुंदरी कृति सेनन ने खुद को एक प्रतिशत एलिगेंट माना, फैंस से पूछे सवाल



फिल्म इंडस्ट्री की सफल और 'परम सुंदरी' अभिनेत्री कृति सेनन ने सोशल मीडिया पर एक मजाकिया वीडियो मोंटाज शेयर किया। अभिनेत्री ने खुद को केवल एक परसेंट ही एलिगेंट बताया।

इंस्टाग्राम पर लेटेस्ट पोस्ट शेयर कर 'शहजादा' फेम कृति सेनन ने कैप्शन में लिखा, एक परसेंट एलिगेंट और 99 परसेंट... आप लोग क्या सोचते हैं। अभिनेत्री ने खुद को 99 परसेंट फनी और मजाकिया के साथ मूडी बताया, जिसकी झलक उन्होंने वीडियो में दिखाई।

वीडियो मोंटाज में अभिनेत्री मजाकिया अंदाज में नजर आ रही हैं। कृति सेनन की पोस्ट पर फैंस ने रिप्लाई करते हुए उन्हें 'खूबसूरत' बताया। कृति के एक फैन ने लिखा, मैंने आज बेहद क्यूट वीडियो देखा। दूसरे ने लिखा, आप मेरी ऑल टाइम फेवरेट हो। भेड़िया फेम कृति सेनन का सोशल मीडिया से गहरा रिश्ता है। अभिनेत्री अपने फैंस से जुड़ने का कोई भी मौका हाथ से जाने नहीं देती हैं। इसी कड़ी में वह अक्सर एक से बढ़कर एक मजाकिया या अपने फैशन ट्रेंड से जुड़े पोस्ट शेयर करती रहती हैं। कृति का इंस्टाग्राम उनकी एक से बढ़कर एक ग्लैमरस तस्वीरों से भरा पड़ा है। फिल्म इंडस्ट्री की सफल अभिनेत्री कृति सेनन के वर्कफ्रंट की बात करें तो अभिनेत्री आने वाले साल के लिए कमर कस चुकी हैं। उनकी कई फिल्म साल 2025 में रिलीज होने वाली हैं। इस लिस्ट में अनुराग कश्यप के निर्देशन में तैयार किल बिल, अमर कौशिक की भेड़िया 2 है।



## सर्दियों में हरी मटर खाने से सेहत के होते हैं ये भारी नुकसान, इन बीमारियों के हो सकते हैं शिकार!

दिल्ली समेत भारत के कई राज्यों में सर्दी ने अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया है. वहीं सर्दियों के मौसम में मिलने वाली हरी सब्जियां बाजारों में काफी मात्रा में बिकती हैं, लेकिन इस मौसम में मिलने वाली हरी सब्जियां स्वादिष्ट और पौष्टिक होती हैं, लेकिन इनमें कुछ सब्जियां ऐसी होती हैं, जिनके सेवन से हमारा स्वास्थ्य खराब हो सकता है. हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक, किसी भी चीज का ज्यादा सेवन करना सेहत के लिए हानिकारक हो सकता है. ऐसी ही एक सब्जी मटर है, जो सर्दियों के मौसम में बाजारों में खूब बिकती है. लेकिन क्या आप जानते हैं कि ज्यादा मात्रा में मटर खाना सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकता है. आइए जानते हैं सर्दियों के मौसम में मटर खाने के नुकसान के बारे में...

ज्यादा मटर खाने के नुकसान-

पेट की समस्याएं

सर्दियों के मौसम में ज्यादा मटर खाने से पेट की समस्याएं हो सकती है. मटर एक हाई फाइबर सब्जी है, अगर कोई इसे ज्यादा मात्रा में खाएंगे, तो उससे पेट में गैस, ब्लोटिंग और पेट दर्द जैसी समस्याएं हो सकती हैं.

पाचन संबंधी समस्याएं

मटर में लेक्टिन नामक प्रोटीन होता है. ऐसे में अगर आप मटर का अधिक मात्रा में सेवन करते हैं, तो यह पाचन तंत्र पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है. इसके अलावा पेट दर्द, कब्ज, एसिडिटी और गैस का कारण बन सकते हैं.

किडनी समस्याएं और वजन बढ़ना

मटर ज्यादा खाने से शरीर में यूरिक एसिड की मात्रा बढ़ सकती है. इससे शरीर के किडनी में स्टोन और गठिया की समस्या के होने का खतरा रहता है. इसके अलावा अगर आप सर्दियों में मटर का ज्यादा सेवन करते हैं, तो इससे आपके शरीर में कैलोरी और कार्बोहाइड्रेट की अधिकता हो सकती है, जिससे आपका वजन बढ़ सकता है.

कितनी मात्रा में मटर खाएं

हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक अगर आप रोजाना मटर खाते हैं, तो एक सीमित मात्रा में खाएं. एक दिन में लगभग 150 ग्राम पकी हुई मटर खाना सेहत के लिए सही रहेगा. इसे अन्य सब्जियों के साथ मिलाकर खाना भी काफी फायदेमंद होगा.

## द साबरमती रिपोर्ट ने छूआ 30 करोड़ रुपये का आंकड़ा

विक्रांत मैसी, रिद्धि डोगरा और राशि खन्ना जैसे सितारों से सजी फिल्म द साबरमती रिपोर्ट इन दिनों सिनेमाघरों में लगी हुई है।यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर औसत कमाई कर रही है, वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर गृह मंत्री अमित शाह तक ने भी इसका समर्थन किया है।अब द साबरमती रिपोर्ट ने भारत में 30 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा पार कर लिया है।आइए जानते हैं फिल्म ने 20वें दिन कितने करोड़ रुपये कमाए। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, द साबरमती रिपोर्ट ने अपनी रिलीज के 20वें दिन यानी तीसरे बुधवार को 1 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 30.80 करोड़ रुपये हो गया है।द साबरमती रिपोर्ट का निर्देशन रंजन चंदेल ने किया है, वहीं एकता कपूर इस फिल्म की निर्माता हैं।इस फिल्म की कहानी 2002 की गोधरा ट्रेन जलने की घटना पर आधारित है। फिल्म में विक्रांत ने एक पत्रकार की भूमिका निभाई है।

## शब्द सामर्थ्य -258

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, बक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**

1. विचित्र, अद्भूत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | 5 | ■ | ■ |
| 6 | | ■ | 7 | | | | 8 | ■ |
| 9 | | 10 | | ■ | | ■ | 11 | |
| 12 | | | ■ | 13 | | 14 | | ■ |
| ■ | 15 | | | | ■ | | ■ | 16 |
| 17 | ■ | | ■ | 18 | | | ■ | |
| 19 | | ■ | ■ | ■ | ■ | 20 | 21 | |
| | ■ | 22 | | 23 | | ■ | 24 | |
| 25 | | | ■ | 26 | | | | ■ |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 257 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्र | त | ■ | आ | सा | न | ■ | आ |
| ल | ■ | मी | ■ | खि | ■ | सी | ख | ना |
| ■ | म | ज | बू | र | ■ | ह | ■ | जा |
| स | र्द | ■ | ■ | का | ■ | त | रा | ना |
| र | ■ | ■ | ■ | र | वि | ■ | ह | ■ |
| प | ह | ना | ना | ■ | ना | रा | ज | ■ |
| ट | ■ | ■ | क | शि | श | ■ | नी | ला |
| ■ | र | ■ | ■ | का | ■ | रा | ■ | य |
| खा | ति | र | दा | री | ■ | त | क्ष | क |

## 14 भाषाओं में बनेगी 90 करोड़ के बजट वाली फिल्म कतानार: द वाइल्ड सॉरसरर

सिनेमा की दुनिया में इन दिनो साउथ की फिल्मों का पूरी तरह से कब्जा। ये फिल्में रिलीज होते ही बॉक्स ऑफिस पर छा जाती हैं। साउथ की इन फिल्मों को लोग काफी पसंद करते हैं। कांतारा से लेकर पुष्पा तक अलग-अलग जोनर की फिल्मों को खूब पसंद किया जा रहा है।

सस्पेंस, थ्रिलर और हॉरर फिल्मों में तो साउथ की फिल्मों का कोई जवाब नहीं है। अब बात हॉरर की आई है तो बता दें कि ये जॉनरर भारत में काफी पसंद किया जाता है, यही वजह है कि बॉक्स ऑफिस पर शैतान, स्त्री 2 और भूल भुलैया 3 जैसी फिल्में कमाल कर रही हैं। अब बारी है साउथ सिनेमा की एक हॉरर फिल्म की। ये एक ऐसी फिल्म होने वाली जिसे देखने के बाद आपकी रूह कांप जाएगी। सिनेमाघरों में खौफ का मंजर पैदा करने के लिए एक फिल्म दस्तक देने के लिए तैयार है।






# पानी बचाने और बाल विवाह रोकने पर कलेक्टर ने दी ग्रामीणों को प्रेरणा

## स्वच्छता और आत्मसम्मान का प्रतीक है शौचालय

**कोरिया।** जनपद पंचायत मुख्यालय सोनहत के नया बस स्टैंड में आज जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने शिविर का शुभारंभ करते हुए कहा कि ग्रामीणों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने और उनकी समस्याओं का समाधान शिविर का मुख्य उद्देश्य है।

कलेक्टर ने कहा कि पानी की समस्या आज एक बड़ी चुनौती बन गई है और इसे रोकने के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि नालों को रोककर जल संरक्षण के उपाय करें। उन्होंने पंचायत से लेकर जिला स्तर तक सभी को जल संरक्षण में भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

उन्होंने स्वच्छता और शौचालय निर्माण के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि शौचालय हर घर की पहचान है। यह न केवल आत्मसम्मान बढ़ाता है, बल्कि बीमारियों को भी रोकता है। सभी को शौचालय का निर्माण कर इसे सही तरीके से उपयोग करना चाहिए।

बाल विवाह की समस्या पर कलेक्टर ने कहा कि यह सामाजिक और कानूनी अपराध है। उन्होंने समाज से बेटियों को बचाने और उन्हें शिक्षित करने की अपील की। शिविर में राजस्व, आदिवासी विकास, खाद्य, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, जल संसाधन, शिक्षा, और अन्य विभागों ने स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दी। आयुष्मान कार्ड, वनाधिकार पट्टा, जाति प्रमाण पत्र, और मत्स्य पालन सामग्री जैसे लाभ वितरण भी किया गया। शिविर में कुल 166 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को इनका समयबद्ध निराकरण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, जनपद अध्यक्ष श्रीमती ज्योत्सना राजवाड़े, और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# प्राथमिक शाला मधौरा के बच्चों से कलेक्टर की खास मुलाकात

### ठंड से बचाव के लिए स्वेटर और मोजा पाकर खिल उठे मासूम



**कोरिया।** जिले के दूरस्थ प्राथमिक शाला मधौरा में आज का दिन विद्यार्थियों के लिए खास रहा, जब जिला कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने स्कूल पहुंचकर बच्चों से संवाद किया और उन्हें ठंड से बचाव के लिए जनसहयोग के माध्यम से स्वेटर, मफलर और मोजा भेंट किए।

दोपहर करीब 2 बजे, कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी स्कूल पहुंचीं और बच्चों के साथ समय बिताया। उन्होंने बच्चों से उनकी पढ़ाई और शौक के बारे में बातचीत की। कलेक्टर ने पहाड़े और कविताएं सुनाने के लिए कहा, जिस पर बच्चों ने उत्साहपूर्वक अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों के मासूम जवाबों और कविताओं को सुनकर कलेक्टर ने उनकी प्रशंसा करते हुए कहा, ''वाह... शाबाश बेटा। कड़कड़ाती ठंड के बीच कलेक्टर ने जनभागीदारी के तहत स्कूल के 43 बच्चों को स्वेटर, मफलर और मोजे वितरित किए। बच्चों ने इन उपहारों को पाकर खुशी जाहिर की। इस मौके पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, जनपद सदस्य श्री रामप्रताप मरावी और जिला शिक्षा अधिकारी श्री जितेंद्र गुप्ता ने भी बच्चों को गरम कपड़े भेंट किए और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कलेक्टर ने बच्चों को ठंड से बचने के लिए खुद का ख्याल रखने की सलाह दी और उनकी पढ़ाई में रुचि लेने पर जोर दिया। कलेक्टर का यह मानवीय और प्रेरणादायक पहल देखकर शिक्षक और अभिभावक भी अभिभूत हुए। विद्यालय के शिक्षकों और विद्यार्थियों ने कलेक्टर और प्रशासनिक टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह पहल न केवल बच्चों को ठंड से बचाएगी, बल्कि उनके मनोबल को भी बढ़ाएगी। इस विशेष मुलाकात ने बच्चों के जीवन में नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार किया, जिससे यह दिन उनके लिए यादगार बन गया।



### किसानों के लिए सुनहरा अवसर

## प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 31 दिसंबर तक कराएं पंजीकरण

**कोरिया।** रबी वर्ष 2024-25 के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसानों को प्राकृतिक आपदा, कीट, बीमारियों और फसल कटाई उपरांत नुकसान से सुरक्षा प्रदान करने का अवसर दिया जा रहा है। राज्य सरकार ने इस योजना के तहत बजाज आलियांज कंपनी को अधिकृत किया है। किसानों के लिए फसल बीमा की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2024 निर्धारित की गई है। कृषकों को इस योजना के प्रति जागरूक करने के लिए 1 से 7 दिसंबर 2024 तक ''फसल बीमा सप्ताह'' मनाया जा रहा है। जिले की आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों में शिविरों का आयोजन कर किसानों को बीमा कराने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। कोरिया जिले में रबी मौसम के लिए गेहूं सिंचित, गेहूं असिंचित, चना, राई-सरसों और अलसी को अधिसूचित किया गया है। इन फसलों की प्रति हेक्टेयर प्रीमियम दरें निम्नानुसार हैं - गेहूं सिंचित 555 रुपये, गेहूं असिंचित 375 रुपये, चना 480 रुपए, राई-सरसों 420 रुपए, और अलसी 225 रुपए हैं। ऋणी किसान अपनी संबंधित समिति या बैंक के माध्यम से सहमति पत्र भरकर बीमा करवा सकते हैं। अऋणी किसान ग्राहक सेवा केंद्रों या फसल बीमा पोर्टल पर स्वयं पंजीकरण करवा सकते हैं। किसान विस्तृत जानकारी के लिए नजदीकी ग्राम सेवा केंद्र, क्षेत्रीय ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, या टोल फ्री नंबर 1800-209-5858 पर संपर्क कर सकते हैं। प्रशासन ने सभी किसानों से अपील की है कि वे अधिसूचित फसलों का बीमा कराकर प्राकृतिक आपदाओं और अन्य जोखिमों से बचाव सुनिश्चित करें। फसल बीमा योजना किसानों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम।

## निःशुल्क बस की व्यवस्था

**सूरजपुर।** भारतीय थल सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर द्वारा अप्रैल 2024 में ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सी.ई.ई) का आयोजन किया गया था। सी.ई.ई में उत्तीर्ण युवाओं के शारीरिक दक्षता एवं अन्य प्रक्रियाओं का आयोजन 04 दिसंबर से 12 दिसंबर 2024 तक जिला मुख्यालय रायगढ़ स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा।

### आंगनवाड़ी के बच्चे को मिला जाति प्रमाण पत्र

# सुकन्या समृद्धि योजना के तहत बेटियों के खुले बैंक खाते



**कोरिया।** सोनहत विकासखंड में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने विभिन्न योजनाओं के तहत लाभार्थियों को प्रमाण पत्र और पासबुक वितरित किए। शिविर में सुकन्या समृद्धि योजना के अंतर्गत सात बेटियों को पासबुक प्रदान की गई। इसके साथ ही, आंगनबाड़ी में पढ़ने वाले बच्चों को जाति प्रमाण पत्र का वितरण किया गया।

कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने कहा कि भारत और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को समय पर मिलना चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने नोनी सुरक्षा योजना के तहत चार हितग्राहियों को सदस्यता प्रमाण पत्र और आंगनबाड़ी केंद्र महुआपारा व ठाकुरहथ्थी के बच्चों राजकिशोर सिंह, सौम्य मौर्य और सौरभ देवंशी को जाति प्रमाण पत्र वितरित किए। कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि बच्चों के जाति, निवास और आय प्रमाण पत्र समय पर बनाए जाएं। उन्होंने कहा कि दस्तावेजों में यदि कोई कमी हो तो उसका त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। शिविर में सुकन्या समृद्धि योजना और नोनी सुरक्षा योजना जैसी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से ग्रामीणों में प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ा है। कलेक्टर ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई भी पात्र हितग्राही योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे।

## महंगई धान खरीदी केंद्र के निरीक्षण पर पहुंचे कलेक्टर

**सूरजपुर।** कलेक्टर एस जयवर्धन ने आज प्रेमनगर विकासखंड अंतर्गत धान खरीदी केंद्र महंगई का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नमी मापक यंत्र से धान की नमी, धान की गुणवत्ता, तौल व भराई की लिया जायजा।

## राजीव युवा उत्थान योजना: सिविल सेवा परीक्षा की कोचिंग के लिए आवेदन आमंत्रित

**कोरिया।** छत्तीसगढ़ राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के लिए राजीव युवा उत्थान योजना के तहत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह कोचिंग प्रशिक्षण जिला बिलासपुर में निजी संस्थाओं के माध्यम से प्रदान किया जाएगा। आदिवासी विकास विभाग की सहायक आयुक्त, श्रीमती उषा लकड़ा ने जानकारी दी कि इच्छुक उम्मीदवार 23 दिसंबर 2024 तक अपना आवेदन पत्र संभागीय मुख्यालय, कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास, जिला सरगुजा में जमा कर सकते हैं। सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के लिए यह एक महत्वपूर्ण अवसर है, जिसका उद्देश्य राज्य के युवाओं को प्रशासनिक सेवाओं में प्रवेश के लिए सक्षम बनाना है। आवेदन की प्रक्रिया और विज्ञापन से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए अभ्यर्थी वेबसाइट www.tribal.cg.gov.in पद पर जाकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इस योजना के तहत चयनित युवाओं को सिविल सेवा परीक्षा की उच्च स्तरीय कोचिंग दी जाएगी, जिससे उन्हें परीक्षा की कठिनाइयों को पार करने में मदद मिलेगी।

## छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ का सम्मेलन 8 दिसंबर को



**कोरिया बैकुंठपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ संयुक्त कोरिया (जिला कोरिया एवं मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर) द्वारा लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री छत्तीसगढ़ शासन श्याम बिहारी जायसवाल ,विधायक बैकुंठपुर भैया लाल राजवाड़े , भरतपुर सोनहत विधायक श्रीमती रेणुका सिंह , जिला पंचायत अध्यक्ष जिला कोरिया श्रीमती रेणुका सिंह, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर श्रीमती नविता शैलेश शिवहरे की उपस्थिति में मानस भवन बैकुंठपुर में दिनांक 8 दिसंबर 2024 दिन रविवार को आयोजित किया गया है। उक्त सम्मेलन में स्वास्थ्य कर्मचारियों की वर्षों से लंबित मांगों एवं समस्याओं के संबंध में चर्चा की जाएगी इसके अतिरिक्त अस्पताल में आम जनमानस को स्वास्थ्य सुविधा सरल तरीके से उपलब्ध कराने संबंध में चर्चा की जावेगी। इस कार्यक्रम में संघ के संरक्षक ओपी शर्मा,प्रांताध्यक्ष आलोक मिश्रा कार्यकारी प्रांताध्यक्ष आर डी दीवान एवं रविन्द्र तिवारी,प्रदेश महामंत्री अनिल कुमार पांडेय, प्रांतीय सचिव आर पी गौतम,बैकुंठपुर जिला अध्यक्ष श्याम सुंदर जायसवाल, मनेंद्रगढ़ जिला अध्यक्ष अरुण कुमार ताम्रकार ,संभागीय अध्यक्ष श्याम कांत तिवारी,कार्यकारी प्रांताध्यक्ष जेडीएस गोविंद वर्मा,जिला अस्पताल बैकुंठपुर अध्यक्ष सोनिया लाल,अनुराधा कुशवाहा, अनुपमा सिंह ,किरण पांडेय सुषमा कुजूर सरोजिनी रॉय,जिला कोरिया एवं मनेंद्रगढ़ के विकासखंड अध्यक्ष दिलीप पांडेय, सत्येंद्र सिंह, प्रवीण कुमार सिंह, रामकुमार सिंह, आर एस चेचाम,सहित पूरे सम्भाग व प्रदेश के सभी पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित होंगे।

# सामुदायिक सहभागिता प्राप्त कर कोरिया जिले के शिक्षकों ने छात्रों में बांटा स्वेटर

**बैकुंठपुर।** कोरिया जिले के जिला शिक्षा अधिकारी जहां शिक्षा के क्षेत्र में काफी प्रयास करते नजर आ रहे हैं जिले की शैक्षणिक गुणवत्ता के लिए वह सतत ध्यान दे रहें हैं वहीं वह छात्र छात्राओं की सुविधा का भी ध्यान दे रहें हैं उनका भी ख्याल उनको उपलब्ध होने वाली सुविधाओं के लिए वह रख रहे हैं।

वैसे जिले की संवेदनशील कलेक्टर भी विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र छात्राओं को मिलने वाली सुविधाओं के लिए गंभीरता प्रदर्शित कर रही हैं इस संदर्भ में आवश्यक निर्देश जारी कर रही हैं और कहीं न कहीं उनकी यह मंशा ही जिला शिक्षा अधिकारी कोरिया की तरफ से शिक्षकों के लिए प्रेरणा बन रही है और शिक्षक स्व प्रेरित हो रहे हैं जिला शिक्षा अधिकारी के जरा सी प्रेरणा से और वह छात्र छात्राओं के लिए खुद सुविधाओं का जुगाड सामुदायिक सहभागिता से कर रहे हैं। शिक्षकों के लिए सामुदायिक सहभागिता जुटाना काफी आसान होता है और उसी का वह उदाहरण भी प्रस्तुत कर रहे हैं जिसका उदाहरण महोरा के दो विद्यालयों में देखने को मिला। इस संदर्भ में बता दें कि जिला शिक्षा अधिकारी बढ़ती ठंड को देखते हुए एक अभियान अंतर्गत जिले के शिक्षकों को प्रेरित कर रहे हैं जिसमे वह सामुदायिक सहभागिता के लिए शिक्षकों को प्रेरणा दे रहे हैं और सामुदायिक सहभागिता से सभी शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र छात्राओं को बढ़ती ठंड में स्वेटर मिल सके यह वह संभव करने का प्रयास कर रहे हैं। जिला



शिक्षा अधिकारी ने इस संबंध में अपने विचारों से अवगत कराते हुए बताया है कि क्षेत्र में ठंड का प्रभाव बढ़ा है और जिसकी चिंता जिले की मुखिया कलेक्टर कोरिया को भी है वहीं ठंड की वजह से शासकीय विद्यालयों में खासकर ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों में छात्र छात्राओं की उपस्थिति घट रही थी और जिसके कारण ही उन्होंने जिले की मुखिया से इस संदर्भ में प्रेरणा लेकर जिले के शिक्षकों को प्रेरित किया कि वह सामुदायिक सहभागिता से स्व प्रेरित होकर अपने अपने विद्यालयों में छात्र छात्राओं को गर्म कपड़े स्वेटर का वितरण करें। इस अभियान और जिला शिक्षा अधिकारी की प्रेरणा का अब व्यापक असर भी देखने को मिलने लगा है और शिक्षकों ने जिला शिक्षा अधिकारी की प्रेरणा को काफी हद तक सफल करने का जिम्मा उठा लिया है। जिले के शासकीय विद्यालयों में शिक्षक अब सामुदायिक सहभागिता से स्वेटर का वितरण छात्र छात्राओं के बीच कर रहे हैं और इसी कड़ी में 4 दिसम्बर को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला महोरा प्राथमिक शाला महोरा में अध्ययनरत छात्र छात्राओं को सामुदायिक सहभागिता से विद्यालय के शिक्षकों ने जिला शिक्षा अधिकारी कोरिया जितेंद्र गुप्ता की उपस्थिति में स्वेटर का वितरण किया। स्वेटर वितरण कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी कोरिया जितेंद्र गुप्ता,संकुल प्राचार्य ,मंडल संयोजक रूपेश कुमार सिंह,माध्यमिक शाला प्रधानपाठक श्रीमती मंजुलता बरवा ,शिक्षक पुष्पा भगत,प्राथमिक शाला प्रधानपाठक बेबी सोनवानी उपस्थित रहीं।

## जवाहर नवोदय विद्यालय कोरिया छत्तीसगढ़ में बाल संसद का आयोजन किया गया.

**कोरिया बैकुंठपुर।** शुक्रवार को जवाहर नवोदय विद्यालय कोरिया छत्तीसगढ़ में बाल संसद का आयोजन किया गया.इसका उद्देश्य छात्रों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया और संसदीय प्रणाली से परिचित कराना था.कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व मंत्री और बैकुंठपुर के वर्तमान विधायक व मुख्य अतिथि भैयालाल राजवाड़े ने किया. उन्होंने विद्यार्थियों की तार्किक भाषा शैली और सजीव प्रस्तुति की प्रशंसा करते हुए अपने भाषण में कहा कि इन बाल सांसदों को देखकर मैं कह सकता हूँ कि भारत न केवल विकसित भारत बनेगा बल्कि,पूरी दुनिया को भी रास्ता दिखाएगा. बाल संसद कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने भारतीय संसद की कार्यप्रणाली को जीवंत किया,संसद की अध्यक्षता कर रही छात्रा राजनंदिनी सिंह ने जहां आदर्श संसद के संचालन का मानदंड प्रस्तुत किया वहीं नेता प्रतिपक्ष की भूमिका में शिवांश दुबे ने सत्ता पक्ष की विभिन्न योजनाओं एवं सरकार पर बढ़ रही महंगाई को लेकर सवाल खड़े किए. प्रधानमंत्री की भूमिका हरिओम साहू ने निभाई वहीं मानव पर्व देव ने विपक्षी बाल सांसद की भूमिका निभाते हुए पेपर लीक और युवाओं की बढ़ रही आत्महत्याओं को लेकर सरकार पर जमकर हल्ला बोला. सरकार की ओर से महिला बाल विकास मंत्री और पेट्रोलियम मंत्री की भूमिका में देवांश शर्मा,शताक्षी जायसवाल और स्वास्तिक पाठक ने बड़े खूबसूरत अंदाज में सरकार के पक्ष को सदन के पटल पर रखा.बाल संसद कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने संसदीय कार्य प्रणाली को सरकार एवं विपक्ष के माध्यम से प्रश्न काल का मंचन किया जिसमें रूबल,अनामिका,आयुष्मान, मासूम,संस्कृति, हिमांशु,अमितेश, भीमसेन, महेश, वर्षा,तान्या, विकास, नागेश्वर,आर्यन एवं राही जायसवाल आदि ने अलग-अलग भूमिकाओं में चयनित होकर सत्ता एवं विपक्ष की जीवंत भूमिका निभाई.

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार को लेकर एक और बड़ा कदम

**कोरिया।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार के रूप में तरक्की और सुशासन का ये सफर लगातार आगे बढ़ रहा है। इसी कड़ी में रायपुर के मेकाहारा में बढ़ते मरीजों का दबाव कम करने के लिए परिसर में 700 बिस्तरीय एकीकृत नवीन अस्पताल भवन निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया को शुरू कर दिया गया है । उल्लेखनीय है कि इस वर्ष के बजट में मेकाहारा परिसर में 700 नवीन एकीकृत अस्पताल का प्रावधान किया था जिसके निर्माण की प्रक्रिया अब शुरू कर दी गयी है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य में इलाज के लिए बेहतर संसाधन उपलब्ध हो सके इसके लिए लगातार पूंजीगत व्यय के निर्णय लिए जा रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार और नई सुविधाओं के विकास पर विशेष जोर दे रहे है। मेकाहारा परिसर में 700 बिस्तरीय नवीन एकीकृत अस्पताल भवन के लिए 231 करोड़ रूपए के ई- टेंडर जारी होने पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा है कि राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं का इजाफा करना उनकी पहली प्राथमिकता है। उन्होने कहा है कि इस एकीकृत अस्पताल के निर्माण से मेकाहारा अस्पताल के अतिरिक्त भी लोगों के पास सर्वसुविधा वाला अस्पताल रहेगा। इसमें रायपुर सहित सम्पूर्ण प्रदेश के लोगों को इलाज की बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सकेगी और लोगों को ज्यादा से ज्यादा स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिलेगा। ई टेंडर के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी सीजीएमएससी की वेबसाइट www.cgmsc.gov.in पर 10 दिसंबर से उपलब्ध रहेगी । इसके लिए प्री-बिड मीटिंग 19 दिसंबर को सीजीएमएससी मुख्यालय में सुबह 11 बजे होगी। आनलाइन निविदा जमा करने की अंतिम तारीख 2 जनवरी 2025 तक होगी और 6 जनवरी 2025 को यह टेंडर खुलेगा।

## लोकसभा सांसद ज्योत्सना चरण दास महंत एक दिवसीय कोरिया प्रवास रहेंगे

**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया जिले के सभी कांग्रेसजनों भारतीय संविधान की रक्षा एवं समानता के सिद्धांतों के प्रति जागरूकता हेतु राष्ट्रव्यापी संविधान रक्षक अभियान चलाया जा रहा है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार एवं जिला कांग्रेस कमेटी,कोरिया के द्वारा पटना बाजार में दिनांक 07 दिसंबर 2024 को दोपहर 3.30 बजे से शाम 6.00 बजे तक एक दिवसीय आमसभा का आयोजन किया गया है। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद, श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कोरिया जिला प्रभारी अनुपम फिलिप एवं कार्यक्रम प्रभारी एवं पूर्व विधायक डॉ. विनय जायसवाल भी उपस्थित रहेंगे। आमसभा में प्रदेश के पदाधिकारीगण,सांसद/पूर्व सांसद, विधायक/पूर्व विधायक,वरिष्ठ कांग्रेसजन,जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी,ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी,NSUI,युवा कांग्रेस, सेवादल, महिला कांग्रेस,पंचायती राज संगठन,आदिवासी प्रकोष्ठ,नगरीय निकाय के अध्यक्ष,उपाध्यक्ष,पार्षद, जिला पंचायत सदस्य,जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष,बीडीसी सदस्य,सरपंच, सेक्टर प्रभारी एवं जोन प्रभारी एवं समस्त बी.एल.ए.सहित सभी कांग्रेसजनों से अनुरोध है कि वे अपने साथियों सहित इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

### तंगहाली के बीच कर्ज ने बढ़ाई परेशानी तो निकाला यह तरीका

# पति ने पत्नी की हत्या कर दो बेटियों की जान लेनी चाही, फिर काट ली अपनी नस

**कोरबा।** लंबे समय से आर्थिक परेशानियों से जूझ रहे एक कमजोर परिवार को पड़ोसियों ने मानवीयता के आधार पर संकट से उबारने की कोशिश की लेकिन नाकाम रहे। लगातार पेश आ रही चुनौतियों से छुटकारा पाने के लिए टेलरिंग कारोबारी ने अपने साथ पूरे परिवार को समाप्त करने के इरादे से खौफनाक कदम उठा लिया। इस घटना में पत्नी की मौत हो गई जबकि दो बेटियां गंभीर रूप से घायल हो गई। वहीं पति ने अपनी नस काटकर खुदकुशी करनी चाही। इस कारनामे से दर्री क्षेत्र में हैरानी के साथ शोक की स्थिति है। पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पीड़ितों को मेडिकल कॉलेज हास्पिटल में भर्ती कराया गया है।



इस घटना के सूत्रधार टेलरिंग व्यवसायी मनोज साहू के खिलाफ पुलिस ने बीएनएस की धाराओं के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया है। वर्ष के अंतिम महीने के प्रथम सप्ताह के शुक्रवार-शनिवार की मध्य रात्रि हुई इस घटना ने लोगों को सोचने के लिए मजबूर कर दिया। घटना की जानकारी सुबह हुई। जब मालूम हुआ कि कपड़े सिलने के व्यवसाय से जुड़े मनोज साहू ने अपनी पत्नी सतरूपा साहू की गला रेतकर निर्मम हत्या कर दी। इसके साथ ही उसने दो बेटियों परिधि 17 व काव्या 12 वर्ष पर प्राणघातक हमला किया जो देवयोग से बच गई। घर पर किए गए इस कारनामे के दौरान मनोज की मानसिकता स्पष्ट थी। इसलिए उसने खुद को भी समाप्त करने की ठानी और इसी इरादे से हाथ की नस काट ली। उसका प्लान अपनी देने का था ताकि पूरा किस्सा खत्म हो जाए। किसी तरह आसपास के लोगों को इस बारे में जानकारी हुई तो पुलिस को अवगत कराया गया। आनन-फानन में दोनों बेटियों सहित मनोज को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया जहां पर उनका उपचार जारी है।

खबरों के अनुसार चार सदस्यीय परिवार के मुखिया मनोज के सामने अरसे से आर्थिक चुनौतियां थीं। अलग-अलग कारणों से कर्ज हो गया था। ऐसे में समस्याओं से पार पाना मुश्किल हो गया। यहां-वहां से लिए गए कर्ज के कारण इस बात का दबाव था कि कर्ज की राशि अदा की जाए। निराकरण के रास्ते मौजूद नहीं थे ऐसे में उसे कोई तरीका नहीं सूझा और उसने पूरे परिवार को समाप्त करने के लिए यह योजना बनाई। पुलिस ने प्रकरण दर्ज करने के साथ जांच शुरू की है।

#### लगातार आ रहे हैं ऐसे मामले

पिछले कुछ महीनों में इस तरह की घटनाएं प्रदेश के चार-पांच जिलों में सामने आई है जहां पर ज्यादा कर्ज चढ़ने और आर्थिक परेशानियों की जद में आने पर लोगों ने ऐसा खौफनाक कदम उठा लिया। वे खुद मरे और परिवार को भी ले डुबे। समाज शास्त्रियों के लिए ऐसे कारनामे चिंता के साथ अनुसंधान का विषय बने हुए हैं।

#### समय पर काउंसिलिंग जरूरी

मनोविज्ञान पर अध्ययन करने वाले चिंतक बताते हैं कि इस प्रकार की घटनाओं के पीछे कई तरह के कारण जिम्मेदार होते हैं। समय रहते इनका विश्लेषण न होने और समाधान नहीं होने पर नतीजे गंभीर स्थिति में पहुंच जाते हैं इसलिए जरूरी है कि संबंधितों की काउंसिलंग समय पर हो।

## नाले में गिरकर चोटिल हुई मादा हाथी, चलने-फिरने में असमर्थ

### देखने ग्रामीणों की उमड़ी भीड़, वन विभाग के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे

**कोरबा।** वनमंडल कोरबा के करतला वन परिक्षेत्र में सक्रिय 50 हाथियों के दल में शामिल एक मादा हाथी नाले में गिरकर चोटिल हो गई है। पैर में आई चोट के कारण वह चलने-फिरने में असमर्थ है। मादा हाथी को इस अवस्था में देख ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। जिस पर कोरबा डीएफओ अरविंद पीएम, करतला रेंजर राजेश चौहान सहित वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंच गए हैं तथा चोटिल हाथी के उपचार की व्यवस्था में जुट गए हैं। हाथी को देखने ग्रामीणों की भारी भीड़ लगी हुई है। जानकारी के अनुसार चोटिल हाथी को करतला रेंज अंतर्गत पीडिया पंचायत के आश्रित ग्राम दादरपारा के मांझीपारा मोहल्ले में सियार नाला के पास आज सुबह देखा गया। काफी देर तक वह आगे नहीं बढ़ा तो ग्रामीणों ने इसकी सूचना रेंजर राजेश चौहान को दी जिस पर उन्होंने तत्काल मौके पर पहुंचकर वस्तुस्थिति की जानकारी ली और अपने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया। मादा हाथी के क्षेत्र में चोटिल होने की सूचना मिलते ही डीएफओ कोरबा भी मौके पर पहुंचे और पशु चिकित्सकों की मदद से चोटिल हाथी के उपचार में जुट गए हैं। अधिकारियों के अनुसार हाथी के पैरों में मोच होने की संभावना है जिसके कारण वह चल-फिर नहीं सक पा रहा है। हाथी के चोटिल होने की सूचना मिलने पर विधायक फूलसिंह राठिया भी मौके पर पहुंचे। इस बीच हाथियों का दल बोतली पहुंच गया है। बोतली में हाथियों ने जमकर उत्पात मचाय है। इस दौरान एक ग्रामीण के घर को निशाना बनाते हुए तोड़ दिया और वहां रखे 40 कट्टा धान को चट कर दिया। हाथियों के अचानक पहुचंने से ग्रामीण सकते में आ गए और उसने अपने परिवार के साथ छिपकर जान बचाई।

### छात्रा की फाइल हुई गुम, पुलिस से लिखित शिकायत

**गेवरा दीपका।** दीपका निवासी कॉलेज छात्रा कु.रानी की महत्वपूर्ण दस्तावेजों से भरी फाइल कोरबा से दीपका जाते समय रास्ते में कहीं गुम हो गई। गुमशुदा फाइल में आधार कार्ड,10वीं, 12वीं, कॉलेज और अन्य जरूरी प्रमाण पत्र शामिल हैं। घटना के बाद परिजनों ने फाइल को खोजने का काफी प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। अंततः छात्रा ने सीएसईबी चौकी कोरबा में जाकर फाइल गुम होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्रार्थीयां ने अपील की है कि यदि किसी को यह फाइल मिलती है तो वे तुरंत सूचना दें। इस मदद के बदले में उचित इनाम दिया जाएगा। फाइल में छात्रा के शैक्षणिक और अन्य जरूरी दस्तावेज हैं।

***कोरबा।** एसकेएमएस कोरबा एरिया के द्वारा कोयला कामगारों की समस्याओं को लेकर प्रबंधन को ज्ञापन सौंपा गया है। 50 सूत्रीय मांगो पर अब प्रबंधन के साथ चर्चा होगी।

## छठ पूजा के दिन रहस्यमय ढंग से लापता किशोरी का नहीं मिला सुराग

### परिवार का रो-रोकर हो रहा बुरा हाल



**कोरबा।** छठ पूजा के दिन 8 नवंबर को लक्ष्मणबन से रहस्यमय ढंग से लापता किशोरी का अब तक कोई सुराग नहीं मिला है। किशोरी के पिता ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट लिखाने के बाद अब पुलिस कप्तान को पत्र प्रेषित कर पतासाजी में मदद की गुहार लगाई है। एसपी को लिखे पत्र में किशोरी के पिता राजेश साहू ने बताया कि वह लक्ष्मणबन तालाब मोहल्ला का निवासी है तथा फल बेचने का काम करता है। 8 नवंबर को छठ त्योहार होने के कारण वह अपनी पत्नी व अन्य बच्चों के साथ हसदेव नदी गया था जबकि बड़ी पुत्री खुशबू घर पर ही थी। पूजा करके जब वे वापस आए तो घर का दरवाजा खुला था और उसकी पुत्री लापता थी। आसपास के लोगों, रिश्तेदारों व पुत्री के सहेलियों के यहां पता लगाने पर भी जब वह नहीं मिली तो कोतवाली थाने में जाकर उसके लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने गुम इंसान कायम किया। आशंका है कि उसकी पुत्री को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर कहीं लेकर चला गया है। जिसके संबंध में अपने स्तर पर रेलवे स्टेशन का फुटेज चेकअप करवाए गए जिसमें वह लाल टॉप नीचे पीले रंग का प्लाजो व उसके उपर पीला साड़ी पहनकर जाते हुए दिख रही है। परिवार में चिंता है। उसकी मां का रो-रोकर बुरा हाल है एवं स्वास्थ्य भी खराब हो गया है। पुत्री के लापता हुए लगभग एक माह होने जा रहा है लेकिन कोई सुराग नहीं मिल पाया है। मांग है कि बच्ची के मोबाइल का कॉल डिटेल एवं कोरबा सहित संबंधित सभी रेलवे स्टेशन के सीसीटीवी कैमरे का फुटेज का गहन जांच करते हुए उचित कार्यवाही कर बच्ची का पता लगाने में मदद करे।

### गांव-गांव जा रहे भामसं कार्यकर्ता

**कोरबा।** भारतीय मजदूर संघ के 70 वें वर्ष में प्रवेश करने पर अब तक किए गए कार्यो की जानकारी देने के लिए कार्यकर्ता गांव गांव तक जा रहे है। किसानों एवं कोयला कामगारों की समस्याओं सहित कर्मचारियों के कार्यो को किया गया है। गेवरा दीपका क्षेत्र में रामनारायण साहू ,रमेश गुरूद्वान, प्रीतम राठौर विरेन्द्र राठौर कुलदीप कुमार , मदन सिंह, बाबू सिंह, मणिकांत गांव गांव तक जा रहे है। इसी तरह मानिकपुर में संजय सिंह नलीन पवार, शैलेन्द्र सिंह, मिनीलाल सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने कोयला कामगारों को मामपेलेंट दिए। केन्द्रीय कर्मशाला कोरबा पूर्व में भी 70 सालों के कार्यो को बताया गया। यहां पर बाबूलाल चन्द्रा, राजेन्द्र यादव , दादू लाल राठौर मामपलेंट वितरित किए । भामसं के जिलाध्यक्ष अजय मिश्रा ने बताया कि विद्युत मंडल क्षेत्र में भामसं के कार्यो को बताया गया। इस दौरान नवरत्न बरेठ, संदीप राठौर, केदार राठौर, हेम राम, सुनीता जयसावल ने कई जानकारियां दी।

#### कार्यकर्ता होंगे सम्मानित

**कोरबा।** सतनाम परिवार समिति के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष नारायण कुर्रे ने बताया कि गुरूघासीदास जयंती समारोह के तीसरे दिन समाज के लिए उत्कृष्ट काम करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा। समाज में कई ऐसे लोग जो समाज को आगे बढ़ाने काम कर रहे हैं।

## डेंजर स्पॉट के आसपास चालकों को अलर्ट करने पर काम

**कोरबा।** अलग-अलग कारण से हो रही सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और उनके ग्राफ को कम करने के लिए पुलिस अपने स्तर पर काम कर रही है। कटघोरा पुलिस ने एक अभियान इसके लिए शुरू किया है। इसके अंतर्गत डेंजर स्पॉट को चिन्हित करने के साथ वहां वाहन चालकों को सावधान करने वाले बोर्ड लगाए जा रहे हैं।



कटघोरा पुलिस के प्रभारी धर्म नारायण तिवारी ने बताया कि थाना क्षेत्र के अंतर्गत इस अभियान की शुरुआत की गई है और इसके पीछे एक अच्छे उद्देश्य को हमने शामिल किया है। महसूस किया गया कि बीते कुछ दिनों में ऐसे कुछ स्पॉट है जहां पर बार-बार दुर्घटना हुई। इन घटनाओं में या तो मौत हुई या फिर लोग घायल हुए। वरिष्ठ अधिकारी के निर्देश पर दुर्घटनाओं को रोकने को लेकर पुलिस ने अपनी भूमिका पर ध्यान दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि डेंजर स्पॉट की पहचान करने के साथ-साथ शहरी क्षेत्र में डिवाइडर के आसपास चेतावनी देने वाली सूचना लगाई गई है। रेडियम युक्त यह फलक लगाए जाने से दिन और रात दोनों समय गाड़ी ड्राइव करने वालों को आसानी से दिखाई देंगे और वह संभल कर गाड़ियां चलाएंगे। पुलिस ने बताया कि ओवर स्पीडिंग, ड्रिंकिंग ड्राइव के साथ-साथ बाइक पर तीन सवारी चलने के मामले में भी कार्रवाई की जा रही है। ऐसे मामलों में मोटर व्हीकल एक्ट और अन्य अधिनियम के तहत कार्रवाई करने के साथ पेनल्टी वसूल की जा रही है। इस अभियान को हमने लगातार चलने का निर्णय लिया है।

## फ्लाई ऐश के पहाड़ पर चिंता जताई पूर्व मंत्री अग्रवाल ने

**कोरबा।** कोरबा से कोयला उत्पादन में महत्वपूर्ण योगदान देने वाली दशकों पुरानी मानिकपुर खदान के बंद होने के बाद फ्लाई ऐश की डम्पिंग कर समतलीकरण करने के बदले उसी स्थान पर फ्लाई ऐश का पहाड़ खडा किए जाने को गंभीरता से लेते हुए दोषी प्रतिष्ठानों/ संस्थानों व व्यक्तियों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई किए जाने की बात पर प्रदेश के पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने केन्द्रीय कोयला मंत्री जी.किशन रेड्डी को पत्र लिखा है। श्री अग्रवाल ने कहा है कि कोरबा में लगातार खराब हो रही वायु गुणवत्ता की वजह से अंचल में अस्थमा, फेफड़े और चर्म रोगियों की संख्या में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है जिसके लिए कोयला खदान प्रबंधकों के अलावा कोरबा में संचालित अनेक ताप विद्युत संयत्र जिम्मेदार हैं।

श्री अग्रवाल ने आगे कहा है कि विद्युत संयंत्रों से उत्सर्जित फ्लाई ऐश का निपटान बड़ी चुनौती जरूर है लेकिन इसके लिए



गैर जिम्मेदारीपूर्वक नियमों को ताक पर रखकर उसे कहीं भी खुले में नहीं डम्प किया जा सकता। इसके लिए पर्यावरण मंत्रालय के दिशा निर्देशों और मानक नियमों का पालन करते हुए राजमार्गों के निर्माण में जरूरत के अनुसार भराव वाले स्थानों पर, बंद हुई खुली अथवा भूमिगत खदानों में भराव के लिए या फिर लो लाईन ऐरिया में समतलीकरण के लिए ही फ्लाई ऐश को डम्प किया जा सकता है। विशाल दायरे में फैली सैकड़ों फिट गहराई वाली मानिकपुर की बंद हुई खदान में इंसानों और पशुओं की जान की सुरक्षा की दृष्टि से फ्लाई ऐश का भराव कर समतलीकरण करने के लिए उपयोग किए जाने की बात थी। लेकिन इस जगह पर सैकड़ों फिट ऊंचा राखड़ का पहाड़ खड़ा हो गया है जो हवा का झोंका चलने पर समूचे क्षेत्र को अपने आगोश में ले लेता है जिसकी वजह से लोगों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है।श्री अग्रवाल ने आगे कहा कि कोरबा में संचालित ताप विद्युत संयंत्रों से उत्सर्जित फ्लाई ऐश को कहीं पर भी खुले में डम्प कर आम नागरिकों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जाना कतई बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। विगत वर्ष कोरबा प्रवास पर आए केन्द्रीय पर्यावरण मंत्री ने भी इस बात को स्वीकार किया था कि कोरबा की वायु गुणवत्ता आम नागरिकों के स्वास्थ्य के लिए हितकर नहीं है और इस पर अंकुश लगाने की दिशा में विद्युत संयंत्रों, खदानों और संबंधित विभाग द्वारा मिलकर काम करना होगा, लेकिन स्पष्ट तौर पर देखा जा सकता है कि सभी तरफ पूरी लापरवाही बरती जा रही है और यह सब कुछ प्रशासन की नाक के नीचे हो रहा है।जयसिंह अग्रवाल ने अपने पत्र में इस बात का विशेष उल्लेख किया है कि कोरबा की खराब वायु गुणवत्ता की बात पर्यावरण मंत्रालय ने भी स्वीकार किया है और जारी आंकड़ों में स्पष्ट तौर पर उल्लेख किया है कि कोरबा के हर नागरिक दो अथवा दो से अधिक सिगरेट सेवन करने के समान प्रदूषित वायु अपने फेफडों में लेने के लिए मजबूर हैं। पत्र की प्रतिलिपि केन्द्रीय पर्यावरण मत्री भूपेन्द्र यादव, छ.ग. विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, कोरबा सांसद ज्योत्सना महंत, कोल इंडिया चेयरमैन पी.एम. प्रसाद, छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव अमिताभ जैन, एस.ई.सी.एल. सीएमडी डॉ. प्रेमसागर मिश्रा व कोरबा कलेक्टर अजीत बसंत को प्रेषित करते हुए प्रशासनिक अमले व संबंधित विभागों द्वारा निधारित मापदण्डों और नियमों की धज्जियां उड़ाने और कोरबा के आम नागरिकों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वाले संस्थानों, प्रतिष्ठानों व अधिकारियों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई किए जाने की अपेक्षा की गई है।




## माहवारी स्वास्थ्य प्रबंधन अनुकूल स्कूल बनाने बालको का अभियान

**कोरबा।** वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने अपने सामुदायिक विकास परियोजना 'नयी किरण' के अंतर्गत मितान भवन में दो दिवसीय जिला स्तरीय माहवारी स्वास्थ्य एवं स्वच्छता प्रबंधन (एमएचएम) प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की। कोरबा जिले के 113 माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के अध्यापक प्रतिनिधियों को माहवारी स्वच्छता के अनेक आयामों से परिचित कराया गया। साथ ही कार्यक्रम में एमएचएम पर एक माड्यूल-1 भी लांच किया गया। 'नयी किरण' परियोजना का उद्देश्य महिलाओं और किशोरी बालिकाओं को माहवारी स्वच्छता के जैव वैज्ञानिक पहलुओं, स्वास्थ्य संबंधी जोखिमों और उनके समाधान, पोषण आहार आदि से परिचित कराना है।



बालको की नई किरण परियोजना के अंतर्गत एमएचएम फ्रेंडली स्कूलों के निर्माण के लिए विशेष रूप से मॉड्यूल डिजाइन की गई है। इसका उद्देश्य शुरूआत से ही विद्यार्थियों को किशोर स्वास्थ्य, माहवारी संबंधी मिथकों और भ्रांतियों के प्रति जागरूकता तथा प्रबंधन एवं स्वच्छ प्रथाओं का विकास करना है। स्कूल के बच्चों को जागरूक करने के लिए 'एमएचएम किट'- पैड, पैड सिलाई सामग्री, कैसे प्रयोग करें, साबुन और डिस्पोजल एवं डस्टबिन की व्यवस्था है। इसके साथ ही प्रशिक्षण सत्रों में सभी प्रतिनिधियों को शारीरिक समझ, किशोरवस्था में आने वाले बदलाव, माहवारी स्वास्थ्य एवं प्रबंधन तथा स्वच्छता के बारें में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

इस पहल के तहत वर्ष 2023 से सरकारी एवं प्राइवेट प्रशिक्षित स्कूलो की संख्या 71 से बढ़कर 113 हो गई है। प्रत्येक स्कूलों से एक टीचर को 'एमएचएम साथी' बनाने के लिए प्रशिक्षण दिया गया। कैंपेन का उद्देश्य एक न्यायसंगत और समावेशी स्कूल बनाना है जहां बच्चे माहवारी के बारे में सामान्य तरीके से बातचीत कर सके। बीते वर्ष इस कैंपने के अंतर्गत लक्षित क्षेत्रों में माहवारी संबंधी उत्पाद, अस्पतालों और क्लीनिक के सेवा प्रदाताओं से माहवारी पर बातचीत और पारदर्शी पैकेजिंग को खुले तौर पर अपनाने की शपथ लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्री राजेश कुमार ने कहा कि बालको की नयी किरण परियोजना का उद्देश्य क्षेत्र की किशोरियों एवं महिलाओं के स्वास्थ्य स्तर में उत्तरोत्तर सुधार तथा माहवारी संबंधी भ्रांतियों और शंकाओं का समाधान करना है। इसके अंतर्गत लक्षित वर्ग को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाने के लिए उन्हें अनेक गतिविधियों से जोड़ा गया है। स्कूलों में माहवारी के प्रति जागरूकता अभियान से बेहतर भविष्य का निर्माण होगा। समाज में माहवारी के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने के प्रति बालको प्रबंधन कटिबद्ध है।

बालको ने वर्ष 2019 से सार्थक जन विकास संस्थान के सहयोग से कोरबा जिले के 45 गांवों एवं नगर पालिक निगम क्षेत्रों में माहवारी स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जागरूकता परियोजना लागू की। परियोजना के अंतर्गत 600 से अधिक एमएचएम लीडर बनाएं गए जिसमें किशोर बालक, बालिकाएं, स्वं सहायता समूह, आंगनवाड़ी एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता और अध्यापकगण शामिल हैं। सभी लीडर समुदाय में जाकर माहवारी स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति बालिकाओं और महिलाओं को जागरूक करनें में सक्षम हुई हैं। परियोजना के दायरे में समुदाय के लगभग 50000 से अधिक लोग शामिल हैं।

### रोजवेली की संपत्ति तलाश रही पुलिस

**कोरबा।** लंबे समय तक कोरबा में काम करने और लोगों के काफी रुपए निवेश करने के बाद बोरिया बिस्तर समेटकर भागी रोजवेली कंपनी से जुड़े लोगों और उनकी संपत्ति के बारे में जानकारी जुटाने का काम पुलिस कर रही है। बालको नगर पुलिस की एक टीम ने पिछले दिनों पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता पहुंचकर महत्वपूर्ण जानकारी हासिल करने का काम किया। यहां पुलिस ने पर्याप्त समय व्यतीत किया।

जय श्रीराम
प्लाट उपलब्ध है
25×60, 55 डिसमिल, 13 डिसमिल गीतावेली, दादर उरगा एवं बुधवारी रोड में।
संपर्क करें
प्रापर्टी डीलर
62681-46606







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com